




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 03 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 15 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### भारत-पाकिस्तान मैच में लगे 'जय श्रीराम' के नारे तो भड़के उदयनिधि स्टालिन



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में खेले गए भारत-पाकिस्तान मैच में रोहित शर्मा की टीम ने बाबर आजम की टीम को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे। मुकाबले के दौरान स्टेडियम में जय श्रीराम के नारे भी लगे, जिसको लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन भड़क गए हैं। उन्होंने इस नारेबाजी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उदयनिधि ने एक्स पर पोस्ट कर नाराजगी जाहिर की है और फैंस पर निशाना साधा है।

उदयनिधि ने ट्वीट कर कहा- भारत अपनी खेल भावना और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य है और सबसे निचले स्तर का है। खेल को देशों के बीच एकजुट करने वाली शक्ति बनना चाहिए। साथ ही सच्चे भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इसे नफरत फैलाने के हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना निंदनीय है।

### ईडी अधिकारी बनकर आए बदमाश घर से लूट ले गए 3.20 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लूट का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। बाबा हरिदास नगर इलाके में कार सवार बदमाशों ने ईडी अधिकारी बनकर 3.20 करोड़ लूट लिए। सूचना मिलने पर पीसीआर वैन ने कार का पीछा किया और नरेला में कार को रोक कर 70 लाख रुपये बरामद कर लिए। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार रात में आठ बजे कुछ खाने गए थे। तभी कार सवार पांच से छह लोग उसके घर आ गए। उन्होंने खुद को ईडी का अधिकारी बताया, बदमाश उसे लेकर मित्राऊं और सुरखपुर इलाके में दो घंटे तक घुमाते रहे और फिर घर से पैसे लेकर फरार हो गए, पुलिस ने एक आरोपी सोनीपत निवासी विक्की को पकड़ा है, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



### चेकिंग के दौरान गाड़ी से 10 लाख रुपये किए बरामद

**कबीरधाम।** जिले में निगरानी दल ने कवर्धा-मुंगेली मार्ग पर ग्राम महका बैरियर पर बड़ी कार्रवाई की है। स्थैतिक दल ने कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महका चेक पोस्ट पर स्कार्पियो गाड़ी से जांच के दौरान 10 लाख 96 हजार 675 रुपये नगदी जब्त की है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि 10 लाख से अधिक रकम होने पर इनकम टैक्स विभाग द्वारा इस पूरे प्रकरण की जा जाएगी। पंडरिया विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि वाहन चालक प्रमोद कुमार है। वाहन में ड्राइवर के अलावा दो अन्य दिनेश कौशिक और राजेश गुप्ता बैठे हुए थे। प्रारंभिक जांच के वाहन चालक द्वारा कवर्धा से बिलासपुर जाने की बात कही जा रही है।

# दुर्ग की 2 सीटों पर कांग्रेस ने घोषित किए उम्मीदवार, क्या पचड़े में पड़ गई 4 सीटें!

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित पहली सूची आज नवरात्र के पहले ही दिन जारी कर दी गई। 30 प्रत्याशियों वाली इस सूची में दुर्ग जिले की 2 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेसियों से लेकर मतदाताओं तक किसी को भी संदेह नहीं था। पाटन से भूपेश बघेल और दुर्ग ग्रामीण सीट से ताम्रध्वज साहू को प्रत्याशी बनाया जाना अप्रत्याशित नहीं है। यह तो पहले से ही तय था, लेकिन जिले की बाकी 4 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगली सूची तक के लिए टालना कई तरह के संदेहों को जन्म देता हैं। यह संकेत है कि बाकी बची 4 सीटों को लेकर प्रदेश संगठन और सीडब्ल्यूसी में एकराय नहीं है। यह संकेत उन लोगों के लिए खतरे की घंटी हो सकता है, जो यह मानकर चल रहे थे कि उनकी टिकट पहले से ही तय है।





नवरात्र के पहले ही दिन रविवार की सुबह जब तक अलसाए हुए लोग टीवी खोलते, कांग्रेस ने अपने 30 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इस सूची में दुर्ग जिले की 4 सीटों भिलाई नगर, दुर्ग शहर, वैशाली नगर व अहिवारा के लिए प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए। 2018 के पिछले चुनाव में अहिवारा क्षेत्र से आयातीत प्रत्याशी के रूप में सतनामी समाज के गुरू रूद्रकुमार को टिकट दी गई थी। वे यहां से जीते और केबिनेटमंत्री भी बने, लेकिन क्षेत्र में अपनी खराब स्थिति को देखकर उन्होंने बेमेतरा जिले के नवागढ़ से टिकट मांगी थी। पार्टी ने उन्हें नवागढ़ से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। यहां से कांग्रेस के ही विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे का टिकट काट दिया गया। इससे पहले क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन जाकर रूद्र गुरू का विरोध किया था। अब पार्टी को अहिवारा से नया चेहरा तलाशना होगा। कमोबेश ऐसी ही स्थिति वैशाली नगर को लेकर भी है। कांग्रेस के लिए यह सीट सिरदर्द रही है, क्योंकि यहां से भाजपा को जीत मिलती रही है। यहां अब तक हुए 3 चुनाव और 1 उपचुनाव में कांग्रेस को महज 1 बार ही जीत नसीब हुई। पिछले दो चुनाव जीतने वाले भाजपा के विद्यारतन भसीन का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था। ऐसे में यहां भाजपा ने नए चेहरे पर दांव चला है। कांग्रेस भी इस बार नए चेहरे को आजमा सकती है। पता चला है कि इस सीट के लिए कोई सहमति नहीं बन पाई, क्योंकि पार्टी को यहां से जीतने वाला चेहरा नहीं मिल पाया। आने वाले दिनों में कई लंबित सीटों पर खुलकर चर्चा होगी, उसमें एक सीट वैशाली नगर की भी है।

दुर्ग शहर सीट को लेकर सीडब्ल्यूसी में हाल ही में काफी चर्चा हुई। दिल्ली के कई सीनियर नेता इस सीट से अरुण वोरा को टिकट देने के पक्ष में थे, लेकिन बताते हैं कि प्रदेश के एक बड़े नेता ने इस सीट से नए और युवा चेहरे के लिए नाम सुझाया। इसके बाद दुर्ग सीट को भी लंबित सूची में डाल दिया गया। इस सीट पर पहली बार वोरा परिवार के अलावा कई प्रमुख नेताओं ने दावेदारी ठोंकी है। बताते हैं कि दुर्ग सीट से प्रदेश के बड़े नेता किसी ओबीसी को आजमाना चाह रहे हैं। आने वाले दिनों में इस पर विस्तार से चर्चा हो सकती है। बात भिलाई नगर सीट की करें तो यहां से कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की टिकट तय मानी जा रही थी। उनकी क्षेत्र में छवि अच्छी है और वे पूरे 5 वर्षों तक सक्रिय भी रहे, लेकिन कांग्रेस को डर है कि टिकट दिए जाने के बाद केन्द्रीय एजेंसियां उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ऐसे में कांग्रेस की फजीहत होने का खतरा है और इसका चुनाव के नतीजों पर भी असर पड़ सकता है। इसीलिए देवेन्द्र यादव जैसे जिताऊ उम्मीदवार होने के बाद पार्टी को अन्य नामों पर भी विचार करना पड़ रहा है। हालांकि देवेन्द्र अपनी टिकट को लेकर आश्वस्त हैं।

### भाजपा में महिलाओं की उपेक्षा, कांग्रेस से अपेक्षा

भाजपा ने जिले की सभी 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए तो इनमें से एक भी सीट पर महिला प्रत्याशी पर दांव नहीं लगाया गया। इसे लेकर पार्टी के ही भीतर खासी सुगबुगाहट है। इसी के चलते कांग्रेस की सूची का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन पार्टी ने जिले की महज 2 सीटों पर प्रत्याशी उतारे। अब बाकी बची 4 सीटों में से क्या 1 या अधिक सीट महिला को मिलेगी, इस पर संशय है। कांग्रेस की महिलाओं को पार्टी से टिकट की अपेक्षा है। पार्टी ने चुनावी बैठकों के दौरान यह निर्णय लिया था कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 2 महिलाओं को टिकट दी जाएगी। कांग्रेस द्वारा घोषित 30 प्रत्याशियों में से महज 4 महिलाओं को ही टिकट दी गई है। 2018 के चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने उस दौरान जिले की सभी सीटों पर पुरूष उम्मीदवार उतारे थे, जबकि भाजपा ने दुर्ग शहर सीट से चंद्रिका चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया था। दुर्ग में भाजपा का दांव कामयाब नहीं हो पाया था और तत्कालीन महापौर व भाजपा प्रत्याशी चंद्रिका चंद्राकर को करारी हार का सामना करना पड़ा था।

### टिकट वितरण में पिछड़ी कांग्रेस

कांग्रेस ने जिन 2 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं, वहां कांग्रेस उम्मीदवारों की स्थिति काफी मजबूत बताई जाती है। पार्टी के लोग अपेक्षा कर रहे थे कि पहले चरण में उन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाएं, जहां चुनाव होने है और जहां कांग्रेस की स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन बताते हैं कि दिल्ली में हालिया हुई सीडब्ल्यूडी की बैठक में निर्विवाद सीटों को सबसे पहले हरी झंडी दिखाई गई। 30 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद अब कांग्रेस को चुनाव प्रबंधन में बाजी मारनी होगी, क्योंकि टिकट वितरण के मामले में वह पहले ही काफी पिछड़ चुकी है। यदि ऐसा नहीं होता है तो चुनाव की तैयारियां विलंबित होंगी और इसका सीधा असर चुनाव के नतीजों पर भी होगा। भाजपा ने दो चरणों में अब तक कुल 85 प्रत्याशियों की घोषणा की है, जबकि कांग्रेस ने पहले ही चरण में 30 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया है। कार्यकर्ता और टिकट दावेदार अपेक्षा कर रहे हैं कि पार्टी के शीर्षस्थ नेता जल्द से जल्द बाकी सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा करें, ताकि तैयारियों पर असर न पड़े।

## विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने जारी की 30 उम्मीदवारों की सूची, सीएम भूपेश बघेल पाटन से लड़ेंगे चुनाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। जैसा की तय था सीएम भूपेश बघेल पाटन से चुनाव लड़ेंगे। वहीं डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव अंबिकापुर से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, कांकेर से शंकर ध्रुव, नारायणपुर सीट से चंदन कश्यप, दंतेवाड़ा से के छविंद्र महेंद्र कर्मा और बस्तर से लखेश्वर बघेल को उम्मीदवार बनाया है।

सीएम बघेल ने पहले ही कहा था कि नवरात्रि के पहले दिन पार्टी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करेगी। रविवार को सुबह ही कांग्रेस ने लिस्ट जारी की। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश के 144 सीटों पर भी कांग्रेस ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इससे पहले भाजपा ने 17 अगस्त को 21 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसके बाद नौ अक्टूबर को आचार संहिता लगते ही 64 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की थी। आम आदमी पार्टी ने भी अपनी सूची जारी कर दी हैं।

बता दें कि छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीट के लिए दो चरणों में चुनाव होने हैं। पहले चरण का मतदान सात नवंबर को होगा और 17 नवंबर को दूसरे चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। वहीं, तीन दिसंबर को नतीजे आएंगे। पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बस्तर व राजनांदगांव के 20 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।




### 30 विधानसभा सीटों पर इन्हें मिली टिकट

पाटन से भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव, साजा से रविंद्र चौबे, सीतापुर से अमरजीत भगत, खरसिया से उमेश पटेल, कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, सक्ती से डा चरण दास महंत, आरंग से शिवकुमार डहरिया, डौंडी लोहारा से अनिला भेड़िया, नवागढ़ से गुरु रूद्र कुमार, पंडरिया से नीलकांत चंद्रवंशी, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, कोंटा से कवासी लखमा, चित्रकोट से दीपक बैज, कोंडागांव से मोहनलाल मरकाम, बीजापुर से विक्रम मंडावी, बस्तर से लखेश्वर बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी बघेल, राजनांदगांव से गिरीश देवांगन, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू, खुज्जी से भोला राम साहू, मोहला मानपुर से इंद्र शाह मंडावी, अंतागढ़ से रूप सिंह पोटाई, भानुप्रतापपुर से सावित्री मंडावी, कांकेर से शंकर ध्रुव, केशकाल से संतराम नेताम, नारायणपुर से चंदन कश्यप, दंतेवाड़ा से छविन्द्र महेन्द्र कर्मा को मौका दिया है।

## कांग्रेस की पहली लिस्ट : 6 विधायकों की टिकट कटी पहले चरण की 20 सीटों में 19 नाम ही फाइनल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए बहु प्रतिक्षित कांग्रेस की पहली सूची जारी हो गई। नवरात्रि के पहले दिन एआईसीसी ने 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस सूची में पहले चरण में 20 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए 19 सीटों पर ही प्रत्याशियों का चयन किया गया है। जगदलपुर विधानसभा सीट को सस्पेंस में रखा गया है। इसके अलावा 11 सीटों पर प्रत्याशियों का चयन किया गया। इनमें ज्यादातर तय नाम दिखे। वहीं 6 विधायकों की टिकट भी काटी गई है।

जिन विधायकों की टिकट काटी गई उनमें बस्तर संभाग से अंतागढ़ विधायक अनूप नाग, दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम की टिकट कटी। चित्रकोट से इस बाद पीसीसी अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज को टिकट दिया गया है। वहीं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे का टिकट काटकर उनके स्थान पर गुरु रूद्र कुमार को मौका दिया गया है। दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा की जगह छविंद्र कर्मा को टिकट मिला है। छविंद्र कर्मा कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद दिवंगत महेंद्र कर्मा के बेटे हैं। कांग्रेस ने डोंगरगढ़ से इस बार नए चेहरे पर दांव खेला है। विधायक भुवनेश्वर बघेल की टिकट काटकर जिला पंचायत सदस्य हर्षिता स्वामी बघेल को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा खुज्जी विधानसभा से छन्नी साहू का टिकट काटा गया है। छन्नी साहू की जगह भोला राम साहू को टिकट दिया गया है।



### मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम को छोड़ सभी को मिली टिकट



कांग्रेस ने डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम मंत्री को छोड़कर बाकी सभी मंत्रियों की टिकट जारी कर दी है। प्रेमसाय सिंह टेकाम प्रतापपुर विधानसभा से विधायक हैं। इस सीट पर अभी नाम फाइनल नहीं हुआ है। इनके अलावा मौजूदा सरकार के सभी मंत्रियों की टिकट फाइनल कर दी गई है। इनमें से केवल गुरु रुद्रकुमार की सीट बदली गई है। कांग्रेस की पहली सूची में चार महिलाओं को टिकट दिया है। 30 उम्मीदवारों की पहली सूची में 4 महिलाएं यानी 2 प्रतिशत भी महिला उम्मीदवार नहीं हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी ने 25 फीसदी सीटों पर महिला उम्मीदवारों को उतारने की बात कही है।

## जुआ सट्टा खेलने-खिलाने की खुल गई पोल

श्रीकंचनपथ




चुनाव सामने हैं और दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों का चाल-चरित्र दांव पर है। इनमें से एक पार्टी मॉरल पुलिसिंग वाली है। पिछले कई महीनों से वह चीख-चीख कर कह रही है कि सत्तारूढ़ पार्टी युवाओं को नशा और जुआ में उलझाकर उनका भविष्य चौपट कर रही है। इधर शराब बंदी का मांग हो रही है और उधर शराब उसी राज्य से आ रही है जहां उनकी सरकार है। महफिल दारू की हो या जुए की फड़, यहां जात-पांत, कुनबा-पार्टी नहीं देखा जाता। अंटी गर्म होनी चाहिए, यहां सबका स्वागत है। सबके प्रति समभाव है। बलौदाबाजार के सिमगा में पुलिस ने छापेमारी कर एक जुए की फड़ से लगभग 11 लाख रुपए जब्त किये। जुए का यह फड़ खुद उस पार्टी के एक पदाधिकारी के घर लगा था जो चीख-चीख कर जुए को लानत भेजती है। हालांकि जुआ खेलने दोनों ही पार्टियों के लोग बैठे थे। पुलिस ने यहां से नगदी के साथ ही कार, मोबाइल फोन भी जब्त किये हैं। 24 जुआरियों को भी गिरफ्तार किया है। जुआरियों को ताज्जुब है कि पुलिस में अपना मुखबिर बैठाने के बाद भी यह छापा पड़ कैसे गया? छापा पड़ना ही था तो पड़ता पर इसकी पूर्व सूचना उन तक क्यों नहीं पहुंची? समय पर पता चल जाता तो फड़ खाली कर देते। पर भाई लोग यह भूल गए कि पुलिस जब अपने पर आती है तब वह किसी की नहीं होती। जब बात नाक की आती है तो पुलिस कप्तान से लेकर एक अदना सिपाही तक, सभी वर्दी वाले बन जाते हैं। वह तो अच्छा हुआ कि जुए की इस फड़ का मालिक किसी तरह पुलिस की गिरफ्त में आने से बच गया। हो सकता है यह भी तगड़ी सेटिंग का कमाल हो। एक प्रमुख आरोपी के भाग जाने से जांच को लटकाए रखा जा सकता है। देर-सबेर ऐसे मामलों में ज्यादा कुछ होता भी नहीं है। सरकार को जब्ती के पैसे मिल चुके हैं। अब किसी को जेल में रखकर खिलाने-पिलाने का फालतू खर्च क्यों उठाया जाए। वैसे जुए की इन फड़ों की कहानी यहीं खत्म नहीं हो जाती। यहां से तो वह शुरू होती है। यह महाभारत काल नहीं है जब पास के रुपए पैसे, जेवर संपत्ति खत्म हो गए तो पत्नी को दांव पर लगाना पड़ जाता था। जुए की इन फड़ों में उधार देने वाले भी मौजूद होते हैं। अनाप-शनाप ब्याज पर वे हारने वालों को रकम देते हैं। अब इसमें ऑनलाइन कर्ज देने वाले भी शामिल हो गए हैं। चुटकियों में ऊंची ब्याज दरों पर पर्सनल लोन स्वीकृत करने वाली कंपनियां भी मौजूद हैं। इसका स्याह पक्ष यह है कि जब लोग कर्ज से बुरी तरह लद-फंद जाते हैं तो उनके सामने सिवा स्वयं को गायब करने, आत्महत्या कर लेने या फिर इससे भी बढ़ा अपराध करने का हौसला पैदा हो जाता है। फिर बढ़ता है क्राइम ग्राफऔर बढ़ जाती है पुलिस की सिरदर्दी।




## संपादकीय

### अजन्मे बच्चे का हक

सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है 26वें हफ्ते में एक मामला पूरे देश का ध्यान खींच रहा है। पिटिशनर महिला अपनी मानसिक, शारीरिक, आर्थिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर गर्भपात की इच्छा मांग रही है। सीजेआई की अगुआई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने शुक्रवार को एम्स के वकीलों की समिति से भ्रूणहत्या और महिला स्वास्थ्य को लेकर कुछ और अहम् दोषियों की रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होनी है, लेकिन इस बीच देश में उन बड़े सवालों पर बहस शुरू हो गई जो इस मामले से जुड़े हैं। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफइंडिया ने शुक्रवार 13 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित विज्ञापन में दोस्तों को सुझाव दिया है कि सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच को पूरी तरह से स्पष्ट रूप से महिला अधिकार के पक्ष में बात करनी चाहिए और अच्छे वर्कशॉप से प्रेरणा लेनी चाहिए। माननीय, उन्हें कम करने वाले को पूरी तरह से रोजगार देना चाहिए। आपके शरीर पर महिलाओं के अधिकार की विचारधारा समझ में आती है। खासकर अपने देश में महिला अधिकार की जो स्थिति आज भी बनी हुई है, उसे देखना भी जरूरी है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इस मामले से जुड़े कई अन्य अहम सवाल भी जुड़े हुए हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विशेष रूप से तब, जब एम्स के विशेषज्ञ समिति ने कहा था कि 26 सप्ताह के गर्भ में भ्रूण के जीवित रहने की काफी संभावना है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई ने ठीक ही कहा कि कोर्ट अजन्मे बच्चे के अधिकारों की ओर से मुंडे नहीं रह सकता, सिर्फ इसलिए कि कोर्ट में उसका पक्ष रखने वाला कोई नहीं है। यहां अब सवाल सिर्फ महिला के शरीर पर उसके अधिकार का नहीं रह गया है। इस अधिकार से गर्भ में पल रहे शिशु के जीवित रहने का अधिकार सामने आ रहा है। ऐसे में दूसरे पक्ष की अनदेखी करते हुए किसी भी एक पक्ष की ओर से निर्णय लेने का आग्रह सही नहीं होगा। यह भी याद रखें कि आपके देश में कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच दस वर्षों की अवधि में देश में 90 लाख कन्या भ्रूण हत्याएं हुई हैं। छह साल की उम्र तक के बच्चों का राष्ट्रीय सेक्स रेश्यो 2011 की किशोरावस्था में 100 से 108.9 पुरुष मिले, जो 102 से 107 तक के सामान्य औसत से कहीं अधिक है। महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में तो यह 118 और 120 तक है। ध्यान दे रहे हैं, कन्या भ्रूण हत्या जैस अनैतिक कट्टरपंथियों के पीछे भी अक्सर महिला के अपने शरीर पर अधिकार जैसे तर्क काम करते हैं, उनका इस्तेमाल पितृ-सात्त्विक सोच ही क्यों न कर रही हो।

> “ छह साल की उम्र तक के बच्चों का राष्ट्रीय सेक्स रेश्यो 2011 की किशोरावस्था में 100 से 108.9 पुरुष मिले, जो 102 से 107 तक के सामान्य औसत से कहीं अधिक है। महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में तो यह 118 और 120 तक है।

### वायु प्रदूषण की चुनौती

वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है।

दिल्ली और आसपास के इलाकों को इस वर्ष अब तक राहत महसूस हो रही थी। इस साल थोड़े-थोड़े अंतराल पर पर्याप्त बारिश होती रही, जिससे कई वर्षों से चली आ रही वायु प्रदूषण की समस्या यहां के लोगों को नहीं झेलनी पड़ी। लेकिन अक्टूबर आते ही फिर से वायु प्रदूषित होने की खबरें आने लगीं। यह चिंता इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। तो न्यायायल ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग से हवा साफ रखने के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पराली जलाने और अन्य कारणों से होने वाले प्रदूषण के बारे में न्यामित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रही वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की दलीलों को सुना। कोर्ट को बताया गया कि ठंड की शुरुआत और दीवाली आने के साथ ही वायु प्रदूषण की समस्या और बढ़ने वाली है। इसके संकेत पहले से मिल रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने शीतकालीन कार्ययोजना के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन की शुरूआत की है।

बहरहाल, पराली जलाने की समस्या का कोई समाधान अभी सामने नहीं है। खेतों से फसल काट लेने के बाद पराली को जलाना पंजाब और हरियाणा सहित कई दूसरे राज्यों में भी आम बात है। इसका धुआं दूर-दूर तक फैलता है। इसके अलावा बिना पूरे एहतियाती उपाय किए निर्माण कार्य जारी रहने के कारण हवा में धूल मिलती है। ऊपर से ठंड के कारण धुंध उन पर आ बैठती है। निर्माण के कारण उड़ने वाली धूल, गाड़ियों से निकला धुआं और खेतों में पराली जलने से उठा धुआं स्मॉग की चादर निर्मित करते हैं। धुंध, धुएं और धूल से मिल कर ठंडी हवा भारी हो जाती है और आसमान पर स्मॉग छा जाता है। वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस कारण तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। इसलिए वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता वाजिब है।

### केजरीवाल और केंद्र का रवैया एक जैसा

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी पर हायतौबा मचा रखी है। अरविंद केजरीवाल रोज मीडिया के सामने आकर केंद्र सरकार पर हमला कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के ऊपर देश का माहौल खराब करने का आरोप लगा रहे हैं। संजय सिंह की गिरफ्तारी, विधायक अमानतुल्ला खान के यहां प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का छापा और उससे पहले मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के समय भी केजरीवाल ने केंद्र के खिलाफ एक जैसे आरोप लगाए थे। लेकिन सवाल है कि जब उनको एक पूर्ण राज्य पंजाब की सत्ता मिली और जांच एजेंसी की कमान हाथ में आई तो उन्होंने क्या किया? उनकी सरकार का रवैया भी वैसा ही है जैसा केंद्र सरकार का है।

दिल्ली में तो वे कुछ कर नहीं सकते थे क्योंकि हर फैसले पर उप राज्यपाल की मंजूरी लेनी होती है। इसलिए दिल्ली के भाजपा व कांग्रेस नेता बच गए। लेकिन पंजाब में जैसे ही आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और पुलिस व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एसीबी की कमान हाथ में आई वैसे ही राज्य सरकार ने कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल के नेताओं के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया। पार्टी के नेता कह रहे हैं कि वे भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं लेकिन यही बात तो केंद्र सरकार भी कह रही है और केंद्रीय एजेंसियां भी कह रही हैं! फिर क्या फर्क है? अगर केंद्र सरकार कह रही है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही है तो वह ठीक नहीं है लेकिन यही बात पंजाब की सरकार कह रही है तो वह ठीक है!

गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने पिछले दिनों कांग्रेस के बड़े नेता विधायक सुखपाल सिंह खैरा को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ आठ साल पहले एक मुकदमा दायर हुआ था, जिसमें कहा गया था कि वे अपने सहयोगी के फोन से तस्करों से बात करते थे। उस मामले में खैरा की गिरफ्तारी से कांग्रेस नाराज है। खैरा की गिरफ्तारी सितंबर के अंत में हुई है और उससे पहले पंजाब सरकार के विजिलेंस विभाग ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री रहे ओपी सैनी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया। यानी एजेंसी हाथ में आते ही आप सरकार का दमनचक्र शुरू हो गया। ऐसा नहीं है कि पंजाब सरकार की एजेंसियों के निशाने पर सिर्फ कांग्रेस के नेता हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर भी निशाना है।

> “ संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस के अनुसार, इस काम को पूरा करने के लिए चौबीस तो क्या, बहत्तर घंटे भी नाकाफी हैं। उधर, हमास गाजापट्टी वासियों को रोके रखने की हरसंभव कोशिश कर रहा है। उसका नेतृत्व जानता है कि इन लोगों के रहते इजरायल को दुनिया लंबे समय तक गोले बरसाने की इजाजत नहीं देगी।

# जब सबके हाथ खून से सने हों

शशि शेखर



आज उस सरजमीं की बात, जिसका तीन पैगंबरों और धर्मों से सीधा नाता है। इसके बावजूद यहां जन्मे लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी संताप भुगतने के लिए अभिशप्त हैं। ऐसा लगता है, अम्न-ओ-अमान के ख्वाब यहां खिलने से पहले मुरझा जाते हैं। भरोसा न हो, तो इजरायल और उससे सटे इलाकों में पिछले हफ्ते से जारी खूंरेजी पर गौर फरमा लीजिए।

गुजरी 7 अक्तूबर को हमास के हत्यारों ने जिस वहशियाना हरकत को अंजाम दिया, वह इंसानियत के इतिहास में काले अध्याय के तौर पर दर्ज की जाएगी। इजरायल ने इसे अपने ऊपर थोपी जंग माना और अपनी समूची सैन्य शक्ति को हमास के समूल नाश के लिए खुला छोड़ दिया। नतीजतन, पहले छह दिनों में ही उसकी सेना गाजा पर छह हजार से ज्यादा बम बरसा चुकी है। यही नहीं, तेल अवीव ने उत्तरी गाजा के लगभग 11 लाख लोगों को महज चौबीस घंटे में अपना घर-द्वार छोड़कर दक्षिण की ओर रवानगी का हुक्म सुनाया, ताकि वह थल सेना को 'निर्णायक कार्रवाई' का आदेश दे सके। उसने हल्की जमीनी कार्रवाई शुरू भी कर दी है, पर बड़े ऑपरेशन के लिए बेताब उसके टैंक सीमा पर धड़धड़ा रहे हैं। इससे दुनिया के अमन पसंदों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाते वक्त वह समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। दूसरी तरफ गाजा में दक्षिण की ओर जाने वाले राजमार्ग पर भयभीत गाजावासियों से उफनते वाहनों का तांता लगा हुआ है। इजरायल की हुकूमत जानती है कि उनके द्वारा दी गई समय-सीमा और अंतिम छह घंटे का 'सेफ पैसेज' कितना निरर्थक है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस के अनुसार, इस काम को पूरा करने के लिए चौबीस तो क्या, बहत्तर घंटे भी नाकाफी हैं। उधर, हमास गाजापट्टी वासियों को रोके रखने की हरसंभव कोशिश कर रहा है। उसका नेतृत्व जानता है कि इन लोगों के रहते इजरायल को दुनिया लंबे समय तक गोले बरसाने की इजाजत नहीं देगी। यह अपने लोगों को 'ह्यूमन शील्ड' के तौर पर इस्तेमाल करना नहीं, तो और क्या कहलाएगा! इसके अलावा, उनके पास अभी भी 120 इजरायली बंधक मौजूद हैं। हमास प्रवक्ता उनके 'वीडियो जारी' करने की धमकी के साथ शेखी बघारता है कि हम इजरायल को जमीनी जंग में हराने की कुव्वत रखते हैं। इजरायल नहीं रुका, तो हम और हिंसक कार्रवाई के लिए मजबूर होंगे। उधर, तेल अवीव का दावा है कि हमले का नेतृत्व करने वाले हमास कमांडर को मार गिराया गया है।

हमास ने जुमे के पवित्र दिन कुछ इजरायली बंधकों को मारने की धमकी दी थी। शायद यह 'बैक डोर डिप्लोमेसी' का नतीजा है कि इसे अमली-जामा नहीं पहनाया गया। हमास जानता है कि निरीह बंधकों की हत्या से वह इस्लामिक जगत में पनप रहा समर्थन खो बैठेगा। गाजा में बमबारी के खिलाफअधिकांश अरब देशों में जुमे की नमाज के बाद लाखों लोग सड़कों पर उतर आए। सिर्फ अरब ही क्यों, दुनिया के कई हिस्सों में इस तरह के प्रदर्शन हुए। न्यूयॉर्क भी इनमें से एक है। अगर इजरायल का कोप कुछ दिन और बरसता रहा, तो गाजा वासियों के प्रति सहानुभूति बढ़ सकती है। इजरायल पर वैसे भी 'सीजफायर' का दबाव बढ़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इजरायल की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई पर यह कहकर चेताया है कि जंग में भी कुछ उसूल होते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी अपने इस पुराने सहयोगी से 'लॉ ऑफ वार' के अनुपालन का अनुरोध कर चुके हैं। ये वही बाइडन साहब हैं, जिन्होंने हमले के तत्काल बाद पेंटागन को घातक साज-ओ-सामान इजरायल भेजने की इजाजत दी थी। हथियारों की पहली खेप वहां पहुंच भी चुकी है। तेल अवीव उसे संग्रहालय में तो रखेगा नहीं। उन हथियारों का इस्तेमाल किसके खिलाफ होगा? अमेरिकी कूटनीति का दोमुंहापन और संयुक्त राष्ट्र संघ का खोखलापन पिछले तीन दशकों में इस धरती पर तमाम कहर ढा चुका है। इराक, सीरिया और अफगानिस्तान की बदहाली इसका जीवंत स्मारक है।

गाजा के लोगों की दुर्गति देखिए। बरसते गोलों के बीच हमास कहता है कि आप अपने घर में बने रहिए और इजरायल उन पर निकल जाने के लिए दबाव बनाता है। पिछले लगभग एक हफ्ते से जारी नाकाबंदी के चलते उनका पानी, बिजली और समूची रसद बंद है। अस्पताल घायलों और मरीजों से पटे पड़े हैं। वहां दवाओं और चिकित्सकों का टोटा है। यही नहीं, अब तक 23 एंबुलेंस और 50 से अधिक मेडिकल सेंटर्स इजरायली बमों अथवा मिसाइलों की चपेट में आ चुके हैं। संसार के इस सबसे सघन इलाके में रहने वाले 22 लाख लोगों को अकारण आजीवन कारावास का सजायाफ्ता नहीं कहा जाता है।

इस हमले की टाइमिंग पर गौर फरमाइए। इससे पूर्व दक्षिणपंथ के दो विपरीत ध्रुव नेतन्याहू और हमास, तेजी से अपनी लोकप्रियता खो रहे थे। दोनों की रेटिंग में पचास फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई थी। इजरायल के नेतन्याहू को 'मिस्टर सिक्योरिटी' कहा जाता है, पर वह नाकाम रहे। इस हमले ने उनकी जमींदोज होती छवि को और धक्का पहुंचाया है। गाजा पर कठोरतम कार्रवाई कर क्या वह अपनी दुर्गति बचा पाएंगे?

जहां तक 7 अक्टूबर के हमले की बात है, क्या यह सिर्फ एक आतंकवादी संगठन या हिज्बुल्लाह जैसी कुछ और तंजीमों के गठजोड़ का नतीजा था? जिस तरह से इजरायल के सुरक्षा तंत्र को भेदा गया, उससे लगता है कि कई आला सैन्य दिमागों ने मिलकर इस षड्यंत्र को अंतिम रूप दिया होगा। इसके लिए जरूरी साज-ओ-सामान और मशीनरी कैसे जुटाई गई, यह भी शोध का विषय है। यकीनन, यह महज 'नॉन स्टेट एक्टर्स' का कारनामा नहीं है। इतने बड़े हमले की गुपचुप तैयारी और इजरायल के अचूक सुरक्षा कवच की दरार कुछ दहशतगर्द अकेले नहीं खोज सकते। क्या इस जघन्य करतूत से जुड़ी ताकतों का मकसद पूरा हो गया? हमले के बाद से इजरायल से लगी लेबनान और सीरिया की सीमाएं जिस तरह से धधकने लगी हैं, उसने आशंकाओं के नए बीज रोप दिए हैं। तेल अवीव के रवैये पर दुनिया साफ तौर से दो टुकड़ों में बंटी नजर आती है। ईरान का कहना है कि अगर इजरायल को रोका नहीं गया, तो यह लड़ाई आगे तक फैल जाएगी। इस मुद्दे पर रूस, चीन, अमेरिका, ब्रिटेन जैसे ताकतवर मुल्कों के बीच विभेद साफ दिख रहा है। कोरी शाब्दिक बयानबाजी के बजाय क्यों न ये ताकतवर मुल्क इजरायल के भीतर और बाहर पसरे क्रंदन, कंपकंपाहट और विवशताओं पर मानवीय नजर डालें और स्थायी समाधान पर सिर खपाएं!

अगली व्यथा-कथाएं रोकने का अकेला तरीका यही है।

# सबको साथ लेकर बढ़ने सी खुशी अकेले में कहां?

राजेश ओझा, युवा उद्यमी



तकनीक और सूचनाओं के प्रवाह ने एक इंसान के तौर पर हमारा बड़ा नुकसान किया है। इसने हमसे हमारी संवेदनाएं छीन ली है। कभी किसी दुश्मन की मौत पर भी खामोश हो जाने वाला समाज अब जश्न मनाते दिखने लगा है। ऐसे में, जब कोई नौजवान अपनी जिंदगी की कठिनाइयों से लड़ते हुए भी दूसरों के बारे में सोचता है, और हाशिये के लोगों के जीवन में आसानी पैदा करते दिखता है, तो लगता है, कुदरत ने अच्छे लोगों को धरती पर भेजना अभी बंद नहीं किया है। राजेश ओझा एक ऐसे ही नौजवान हैं।

पाली जिले (राजस्थान) के बेड़ा गांव में जन्मे राजेश अत्यंत साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। स्थानीय स्कूलों में ही उनकी पढ़ाई-लिखाई हुई और जैसा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के ऐसे किशोरों के साथ होता है, 12वीं की पढ़ाई करते हुए ही उन्हें लगा कि मुझे अब अपने परिवार के लिए कुछ करना चाहिए, राजेश मुंबई की ओर निकल पड़े। मगर बिना किसी डिग्री के कहीं ढंग की नौकरी कहां मिलने वाली थी? राजेश को दफ्तर-दर-दफ्तर निराशा हाथ लगती। कुछ छोटे-मोटे मौके मिले भी, तो जल्द ही उनसे मन उचट गया। कहीं दफ्तर के लोगों के रवैये, तो कहीं भविष्य की आशंकाओं ने मन रमने न दिया। साल-पर-साल निकलते जा रहे थे, और कुछ बेहतर करने की बेचैनी भी गहराने लगी थी।

नौकरियों से निराश राजेश ने आखिरकार अपना काम शुरू करने का फैसला किया। जमा-पूंजी लगाकर काम शुरू भी किया, मगर मुंबई कोई खास उम्मीद नहीं दे रही थी। हालांकि, महानगरों की एक बड़ी खूबी यह है कि वे आपके सपने साकार भले न करें, तब भी वे आपको खाली हाथ नहीं लौटाते, तजुर्बे की शक्ल में कीमती दौलत आपको सौंपते हैं। राजेश ने गांव लौटने का इरादा कर लिया था। अब सवाल यह था कि वहां करेंगे क्या? मुंबई में एक लंबा अरसा गुजर चुका था, इसलिए गांव-इलाके की तब्दीलियों को लेकर वह बहुत वाकिफ नहीं थे। मगर वह उनके पुरखों की माटी थी, वहीं पर कुछ बनने-मिटने का भाव लिए राजेश बेड़ा लौट आए।

साल 2017 उनकी जिंदगी में एक अहम मोड़ बनकर आया। शादी के बाद उनके जीवन में पूजा की आमद तो हुई ही, राजेश ने 'जोवाकी एग्रोफूड' नाम से एक ऐसे काम की शुरुआत की, जो उनके सपनों को साकार करने के साथ-साथ हाशिये पर जी रहे अनेक आदिवासी परिवारों की बेहतरी से प्रेरित था। दरअसल, मुंबई से लौटने के बाद राजेश ने देखा कि उनके इलाके की आदिवासी महिलाएं जंगल से पके जामुन व सीताफल चुनकर लाती हैं और 14-15 किलोमीटर पैदल चलकर उन्हें बेचने जाती हैं, मगर बमुश्किल सौ रुपये कमा पाती हैं। यह उनका शोषण था।

राजेश और पूजा ने दो लाख रुपये की जमापूंजी से 'जोवाकी एग्रोफूड इंडिया' नामक कंपनी की नींव रखी, ताकि कारोबार के साथ-साथ इन आदिवासी महिलाओं का आर्थिक शोषण रुक सके। हालांकि, तब तक राजेश का खेती-किसानी से कोई नाता नहीं था, लेकिन उन्हें इतना पता चल चुका था कि पाली जिले में कृषि संबंधी भरपूर संभावनाएं हैं और अकुशल प्रक्रिया या खरीदार न होने के कारण यहां की काफी उपज बर्बाद हो जाती है। राजेश उदयपुर कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों से मिले, वहां से प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब अगला चरण आदिवासी महिलाओं को जोड़ने का था। यह काम आसान न था। आखिर वे कैसे एक अनजान शख्स पर यकीन कर लेतीं? मगर राजेश के साथ पूजा भी उन्हें आश्वस्त करने में जुटीं। आहिस्ता-आहिस्ता आदिवासी स्त्रियों और इस दंपति का रिश्ता बन ही गया। करीब एक दर्जन गांवों की महिलाओं का उन्होंने एक समूह बनाया और उन्हें प्रशिक्षित किया कि फलों को कब और कैसे तोड़ना है। कई स्त्रियों को सीताफल का पल्प बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

हर कारोबार वक्त मांगता है। शुरू-शुरू में काफी धीमी प्रगति हुई, तो लोग ताने देने लगे कि कहां आ फंसे इस क्षेत्र में, किसी और व्यापार में उतरना था। मगर राजेश ने इस बार धैर्य नहीं खोया, उनके आगे उन आदिवासी स्त्रियों के संयम का उदाहरण था, जो न जाने कितने वर्षों से 100 रुपये कमाने की खातिर 15 किलोमीटर पैदल आती-जाती रहीं। जाहिर है, राजेश का वक्त आया, उन आदिवासी स्त्रियों के भी दिन बहुरे। इनके उत्पादों की मांग देश-दुनिया तक होने लगी। इलाके के 1,000 से भी अधिक आदिवासी परिवारों में जोवाकी एग्रोफूड की बदौलत खुशहाली आई है। इन परिवारों की स्त्रियों की मासिक आय 15,000 रुपये तक पहुंच चुकी है। पिछले छह वर्षों में यह 20 करोड़ से अधिक की कंपनी बन चुकी है और इसकी कमाई का लगभग साठ प्रतिशत आदिवासी स्त्रियों पर खर्च होता है।

राजेश की कारोबारी दुनिया का एक आदर्श पहलू न सिर्फ पेड़ लगाना है, बल्कि जो पहले से फल दे रहे हैं, उनका संरक्षण करना भी है। उन्होंने पूरे समुदाय को इसके लिए प्रेरित किया है। अलग-अलग इलाकों में उन्होंने सीताफल और जामुन के हजारों पेड़ पौधे लगाए हैं। तेजी से बदलती कारोबारी दुनिया में नवाचार की कितनी अहमियत है, इससे भी वह बखूबी वाकिफ हैं। इसलिए अब उनकी कंपनी जामुन से उत्पाद तैयार करने लगी है। चूंकि जामुन को डायबिटीज में काफी फायदेमंद माना जाता है, इसलिए उसके पप्प से जूस और गुठलियों के पाउडर की मांग दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

अक्टूबर 2021 में राजेश ने अपने क्षेत्र के उन किसानों की मदद के इरादे से 'ट्राइबलवेदा' नामक कंपनी की शुरुआत की, जो जल्द खराब हो जाने की डर से औने-पौने दाम पर अपनी फसल बेच देते हैं। इस उद्यम के जरिये उन्होंने बेड़ा गांव के किसानों को अच्छे दाम दिलाए हैं। बकौल राजेश, सबको साथ लेकर आगे बढ़ने में जो खुशी है, वह अकेले में कहां!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# हिंसा की बीमारी का इलाज मुमकिन है

साइमन पेरेज, नोबेल विजेता
इजरायली नेता

शायद यह काम ही गलत किया गया था कि पत्थर पर जबरन दूब उगाया गया था। बीच अरब में यहूदियों का देश बसाया गया था। जब यूरोप में यहूदियों को निशाना बनाया जाने लगा, तब यहूदियों ने पाया कि हमारी जड़ें, तो अरब में ही हैं, वहीं से हम निकाले गए। हमें वहीं मजबूती से बसना चाहिए। अरब का दुर्भाग्य है कि वहां रेत की ही नहीं, नफरत की भी आंधियां चलती हैं, आंखों पर परदे डल जाते हैं और लोग एक-दूजे को मारने लगते हैं। पता नहीं कैसे, धर्म बदलते ही पुत्र अपने पिता का ही जानी दुश्मन बन जाता है। पाखंड देखिए, हत्या का अधर्म करने वाले खुद को महा-धार्मिक बताते हैं और उस जमीन के लिए खून बहाते हैं, जिसका एक कतरा भी वह साथ नहीं ले जा पाएंगे। जमीन की कोरी भूख को ही मजहब की पुकार समझ लेते हैं।

खैर, बीच अरब में इजरायल देश बस गया था। उसी इजरायल में एक बच्चा सपने देखता था कि काश! वह चरवाहा बन जाता या कवि बन जाता, सितारों पर कविता लिखता। चरवाहा बनना था, तो कृषि की पढ़ाई कर ली और बन गए किसान, चराने लगे पशु, पर सब सपने कहां पूरे होते हैं। चारों तरफ से चलती नफरत की आंधियों के बीच देश कराह उठता था। लगता था कि सब पड़ोसी मिलकर उखाड़ फेंकेंगे, तो जाएंगे कहां?

वह युवा भी खुद को और अपने देश को बचाने के लिए उठ खड़ा हुआ। तन सशक्त था और मन इतना मजबूत कि देखने वाले दंग रह जाते थे। कैसे ईंट का जवाब पत्थर से देते हैं, यह उस 20 वर्षीय युवा को जल्दी ही आ गया। बस चार साल लगे, वह युवा साइमन पेरेज महज 25 की उम्र में इजरायली नौसेना के प्रमुख बन गए। उनका सिद्धांत यही था कि कोई अगर तुम्हें एक मारता है, तो तुम उसे ऐसे मारो कि वह फिर मारने लायक न बचे। मारकाट करना ही उनका जीवन बन गया था।

हालांकि, केवल लड़ाई ही जिंदगी नहीं है। जिंदगी सिर्फ संगीनों के दम पर हासिल नहीं हो सकती। सच्चे सुकून के लिए माली हालत भी मजबूत होनी चाहिए। इजरायल आर्थिक रूप से डूबने लगा था। देशप्रेम की वजह से लोग बोलते नहीं थे, पर महंगाई ने लोगों को रुला रखा था। तब साइमन पेरेज ने देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने का बीड़ा उठाया। साल 1985 में उन्होंने बड़े साहसिक कदम उठाए और अर्थव्यवस्था महज छह महीने में पटरी पर दौड़ने लगी। खुशहाली दिखने लगी, पर तब भी फिलिस्तीनी, जॉर्डन, लेबनान की ओर से बहुत घातक हमले होते थे। जब भी हमला होता, पेरेज अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित हो उठते थे, वह समझ चुके थे कि स्थिर अर्थव्यवस्था के लिए शांति सबसे जरूरी है। एक-एक इजरायली जिंदगी का महत्व है। उनकी प्रेरणा से उसी साल जिब्रिल समझौता हुआ था और इजरायल ने अपने तीन सैनिकों को छुड़ाने के लिए 1,150 दुश्मन कैदियों को रिहा किया था। वह खुश थे, पर उनकी खुशी जल्दी ही तब काफूर हो गई। फिलिस्तीनी आतंकियों ने तीन इजरायली नागरिकों की हत्या कर दी। इजरायली वायु सेना ने 60 फिलिस्तीनी लड़ाकों को मारकर बदला लिया। यह साइमन के लिए निर्णायक क्षण था। ऐसे तो हिंसा का सिलसिला कभी नहीं रुकेगा। यही वह साल 1985 के आखिरी महीने थे, जब पेरेज बाज की तरह नहीं, एक शांतिप्रेमी कबूतर की तरह योजना बनाने लगे। उन्होंने दो सपने देखे, पहला, यहूदियों का अपना देश हो और दूसरा, एक खुशहाल पश्चिम एशिया हो।

पेरेज चुपचाप शांति अभियान में लग गए। तमाम दुश्मनों को उन्होंने बात-व्यवहार से पिघलाया। उन्हीं की कोशिशों से जार्डन से इजरायल का 46 साल से चल रहा युद्ध समाप्त हुआ, जिसके लिए पेरेज को अपने देश के प्रधानमंत्री यत्जक रबीन और फिलिस्तीनी नेता याशर अराफात के साथ नोबेल शांति सम्मान से नवाजा गया। देश को परमाणु शक्ति बनाने वाले पेरेज, देश को आर्थिक शक्ति बनाने वाले पेरेज, सूचना प्रौद्योगिकी में माहिर बनाने वाले पेरेज ने खुद को शांति के लिए समर्पित कर दिया। वह अक्सर बोलते थे कि हिंसा बीमारी है, जिसका इलाज संभव है। शांति के दूत पेरेज भारतीय नेताओं को देखते ही हाथ जोड़ देते थे, क्योंकि वह जानते थे कि भारी हिंसा के बाद उन्हें शांति का महत्व समझ में आया, पर भारत में एक ऐसे नेता हुए थे, महात्मा गांधी, जो शुरुआत में ही शांति का महत्व समझ गए थे।

सैनिक से लेकर राष्ट्रपति तक देश के सभी पदों पर विराजमान रहे साइमन पेरेज(1923-2016) युवाओं को सपने देखने के लिए प्रेरित करते थे और कहते थे कि मैंने बड़े सपने बहुत देर से देखे। वह आश्वस्त भाव से कहते थे कि सभी युद्धों का निष्कर्ष यही है कि हमें बेहतर लोगों की जरूरत है, बेहतर रायफलों की नहीं और आज शांति का कोई विकल्प नहीं है।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### शारदीय नवरात्रि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व है। डॉ. महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ देवी पूज्य स्थल है डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी, बिलासपुर रतनपुर माँ महामाया, रायगढ़ चंद्रपुर माँ चन्द्रहासनी, बस्तर दंतेवाड़ा माँ दंतेश्वरी, कोरबा माँ मड़वारानी, धमतरी माँ अंगारा मोती, रायपुर माँ बंजारी, माँ महामाया की असीम कृपा से प्रदेश में सुख शांति समृद्धि व्याप्त है। डॉ महंत ने कहा कि, हर साल नवरात्रि के साथ एक नए जोश का आगाज होता है, क्योंकि उसके बाद त्यौहारों का सिलसिला आरम्भ हो जाता है।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने महाराजा अग्रसेन जयंती की प्रदेशवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महाराजा अग्रसेन जयंती की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. महंत ने कहा कि, भगवान राम के वंशज माने जाने वाले महाराजा अग्रसेन की जयंती 15 अक्टूबर 2023 को हैं. महाराजा अग्रसेन अग्रवाल समाज के पितामह और वैश्य समाज का संस्थापक कहे जाते है. हर साल अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव मनाया जाता है. इसी दिन नवरात्रि का पहला दिन भी है. इस दिन व्यापार संघ के लोग महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना करते हैं. महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी. इन्हें आदर्श समाजवाद का अग्रदूत, गणतंत्र का संस्थापक और अहिंसा का पुजारी कहा जाता है. अग्रसेन जी के जीवन के 3 आदर्श रहे हैं, एक लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, दूसरा आर्थिक समरूपता और तीसरा सामाजिक समानता.

### शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना दर्शनीय स्थल जतमई प्राँगण में की सफाई

**गरियाबंद।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विनीत कुमार साहू के मार्गदर्शन में नवरात्रि पर्व को देखते हुए लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के 60 स्वयं सेवकों द्वारा जतम?ई दर्शनीय स्थल एवं आने जानें वाले मुख्य मार्ग में विभिन्न प्रकार के जागरूकता सम्बंधित पोस्टर एवं बैनर लगाया गया साथ ही मंदिर प्रांगण के चारो ओर पार्किंग स्थलों में लोगों के द्वारा फैलाए गए प्लास्टिक कचरे, पॉलिथीन जैसे अनेक प्रकार के गंदगी की सफाई एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता हेतू नारा लेखन किया गया । कोविड के समय से जो पहल शासकीय महाविद्यालय ने चलाई थी उसको इस वर्ष भी जारी रखा है स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेने वाले रासेयो स्वयं सेवकों मे संतोष सोरी,खगेश कोशले,जयप्रतुष ध्रुव,पुरुषोत्तम सिन्हा, जीतू दीवान,दिव्यानी चंद्राकर,चांदनी मरकाम,परमेश्वर ठाकुर,चांदनी ठाकुर,ओमप्रकाश इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य स्वयंसेवकों ने भी इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापको ने सराहा और साथ में जतमई मन्दिर ट्रस्ट के कार्यकर्ता जिसमें ग्राम गायडबरी के सरपंच दुलारी ध्रुव,इसके अलावा समिति के अन्य सदस्यों ने भी इस कार्य सराहनीय बताते हुए सहयोग प्रदान किये।

### न्यायिक अधिकारियों के विशेष कार्यों की उनके प्रदर्शन और मूल्यांकन के आधार पर की सराहना

# तीन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से निपटे 11 लाख 78 हजार से अधिक केस, 78 प्रतिशत केस सुलझाये गये

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों के मूल्यांकन एवं निष्पादन हेतु छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट, बिलासपुर में स्टेट लेवल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक रमेश सिन्हा थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष गौतम भादुड़ी, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश और हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमिटी के चेयरमैन संजय के. अग्रवाल थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीशगण उपस्थित थे।





मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा किए गए विशेष कार्यों के मूल्यांकन और 2023 में अब तक आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में प्रदर्शन की सराहना करने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पहली बार राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की शुरूआत ने वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणालियों के घटक के रूप में न केवल एक नया अध्याय जोड़ा है, बल्कि देश की न्याय वितरण प्रणाली को एक नया आयाम प्रदान किया है। इससे पीड़ितों को उनके विवादों के संतोषजनक समाधान के लिए एक पूरक मंच मिला है। यह प्रणाली ग्राम स्वराज के गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है और भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 ए के प्रावधान को बढ़ावा देने और पूरा करने का प्रयास करती है, जिसका उद्देश्य सभी को समान न्याय और नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने कहा कि प्राचीन काल से ही यह मान्यता रही है कि विवाद को बिना न्यायालय का दरवाजा खटखटाए आपस में ही सुलझा लिया जाए। गाँवों में, विवादों को हमेशा पंचायतों के पास भेजा जाता था, ताकि वे गाँव में उत्पन्न होने वाले विवादों पर निर्णय ले सकें। पंचायत व्यवस्था में पंच-मध्यस्थ और पंचायत शब्द उतना ही पुराना है जितना भारतीय इतिहास। पंचायत (पंच) के सदस्य तब पीड़ित पक्षों को आम सहमति और समझौते पर लाने के लिए बातचीत मध्यस्थता के सिद्धांतों का इस्तेमाल करते थे। इसलिए, यह कहा जा सकता है कि एडीआर की प्रक्रिया भारत में जमीनी स्तर पर भी एक प्राचीन प्रथा के रूप में प्रचलित है। एडीआर का लाभ मुकदमेबाजी में देरी से बचने के अलावा लागत में कमी है।

मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में तीन राष्ट्रीय लोक अदालतें आयोजित की गई हैं, जिनमें कुल 11,78,357 (ग्यारह लाख अठहत्तर हजार तीन सौ सत्तावन) प्रकरणों का निराकरण किया गया जिनमे से 10 लाख से ज्यादा केस प्री लिटिगेशन के थे। उन्होंने मामलों के निराकरण के लिए किए गए प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय के साथ लोक अदालतों ने विवादों को प्रभावी और सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाकर लोगों का विश्वास हासिल किया है। प्रणाली में विश्वास बनाए रखने के लिए, लोक अदालत के प्रत्येक पीठासीन सदस्य के लिए यह अनिवार्य है कि वह न्याय, समानता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के आधार पर एक सुलह समझौता लाने में ईमानदार प्रयास करे। विधिक सेवा प्राधिकरणों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोक अदालतों का संचालन करते समय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 में निर्धारित नियमों का पालन किया जाए।

श्री सिन्हा ने लोक अदालतों के पीठासीन न्यायाधीशों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना की और उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अंतिम मंजिल नहीं है, बल्कि हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। समर्पित और ईमानदार प्रयास, चाहे वे कितने भी छोटे क्यों न हों, वांछित परिणाम देते हैं। उन्होंने 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाले आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अच्छे परिणामों के लिए भी प्रेरित किया।

श्री सिन्हा ने कहा कि न्यायपालिका से अनेक अपेक्षाएँ हैं, फिर भी कुछ प्रमुख क्षेत्र हमारे ध्यान के योग्य हैं। सबसे पहले कानूनी सिद्धांतों की सटीक व्याख्या और अनुप्रयोग सुनिश्चित करने के लिए न्यायाधीशों के लिए कानून के बारे में अपना ज्ञान और समझ बढ़ाना महत्वपूर्ण है। दूसरे, न्यायाधीश को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि न्यायिक कार्यवाही त्वरित और समयबद्ध तरीके से संचालित हो। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन, अनावश्यक स्थगन से बचना और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान अपनाने से प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और न्याय वितरण में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ-साथ उच्च स्तर की सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण बनाए रखना आवश्यक है।

# महाराजा अग्रसेन की निकली शोभायात्रा रास्ते में लोगों ने फूल बरसाकर किया स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय अग्रवाल ने अग्र ध्वज दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई गंजपारा में समाप्त हुई। विधायक अरुण वोरा, मेयर धीरज बाकलीवाल विशेष रूप से शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा, सुधीर अग्रवाल, संजय रूंगटा ने बताया कि शोभायात्रा का अग्रवाल समाज समेत अन्य समाजों ने जगह-जगह स्वागत किया। फूल बरसाए।



महिलाएं अग्रसेन महाराज का गुणगान करते हुए चल रही थीं। सभी पारंपरिक वेशभूषा में थे। आखिर में जयंती समारोह के कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा मित्र मंडल, महिला मंडल व यूथ क्लब के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में विजय संजय अग्रवाल, डॉ. मोहन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, सीता परिवार, शिव आशुतोष अग्रवाल, सक्सेरिया परिवार, संतोष संजय रूंगटा, प्रहलाद रूंगटा ने जलपान की व्यवस्था की। आखिर में अग्रसेन भवन में बंपर हाऊजी का आयोजन किया गया। रात्रि में भोजन प्रसादी बांटी गई। रात्रि में भोजन प्रसादी बांटी गई। कार्यक्रम कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, राधेश्याम अग्रवाल, संतोष रूंगटा, सत्यप्रकाश बंसल, घनश्याम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार द्वारा शनिवार को मेगा कार्निवल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें 8 ग्रुपों में समाज के 52 बच्चों ने हिस्सा लेकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। सभी को पुरस्कार मिला। सांस्कृतिक चेयरमैन पवन अग्रवाल ने बताया कि कार्निवल में बबल आर्टिस्ट, 360 डिग्री कैमरा, मिकी माउस जंपर, मोटू पतलू बच्चों के लिए विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। बच्चों ने अपने घरों से व्यंजन भी तैयार करके लाया, जिसे 18 स्टाल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। अग्रसेन युवा मंच के अध्यक्ष निखिल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि फूड फेस्ट के बाद बंपर हाउजी का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे से देर रात तक समाज के सभी सदस्यों खासकर बच्चों ने इसका आनंद लिया।

समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महासचिव रतनलाल अग्रवाल ने बताया कि 15 अक्टूबर को भगवान अग्रसेन की जयंती पर सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद भवन में महाप्रसाद का आयोजन होगा। आयोजन में युवा मंच के तुषार, अंकित, आयुष अग्रवाल, यश गोयल, समीर सिंघल, भावेश, अतुल, आदित्य, अंकुश, अमित, सौरभ, हिमांशु, आशीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान सलामी गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा एवम अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया 7 पुलिस अधीक्षक महोदय ने कार्यालयीन स्टाफ का बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवम चुनाव संबधी पत्राचार की जानकारी तत्काल भेजने निर्देशित किये। जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवम सभी थाना / चौकी प्रभारी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगामी चुनाव को निष्पक्ष , निर्भीक एवम शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने निर्देश दिए । सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करने हिदायत दिए साथ ही आगाह किये कि कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन में किसी प्रकार की अनियमितता नही बरती जाएं। जनता से प्राप्त शिकायत एवम समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उसका निराकरण त्वरित किया जाए। विजिबल पोलिसिंग में ध्यान देने फरार आरोपी एवम वारंटियों को न्यायालय में पेश करने निर्देशित किये ।

# निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय ना छोड़ेः डॉ भुरे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज अभनपुर विधानसभा के अभनपुर नगर पालिका और गोबरा-नवापारा क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान कोई अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय ना छोडे निरंतर संपर्क मे रहें और अपने मोबाईल फोन हमेशा ऑन रखें। सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष होकर समर्पित भाव से कर्तव्यों का निर्वहन करें। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक कंट्रोल स्थापित करें इसका नंबर जारी करें। इस कंट्रोल रूम में अगल-अलग शिफ्टो में कर्मचारियों की डयूटी लगाएं। कोई भी शिकायत आने पर त्वरित निराकरण करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट लगाकर सघन चेंकिन अभियान चलाएं। जिन मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होनी है, वहां पर इंटरनेट कनेक्टिविटी का परिक्षण कर लें। सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधा मुहैया कराएं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अभनपुर में 240 मतदान केन्द्र है, जिसमें 120 में वेबकास्टिंग होगी। 10 संगवारी मतदान केन्द्र है। सभी मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा रही है। पुलिस द्वारा निरंतर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बैठक मे एडिशनल एसपी ग्रामीण श्री नीरज चंद्राकर, एसडीएम श्री जगन्नाथ वर्मा सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।






## खास खबर...

### विधानसभा अध्यक्ष ने दी शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं

**रायपुर (ए)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शारदीय नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व है। डॉ. महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ देवी पूज्य स्थल है डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी, बिलासपुर रतनपुर माँ महामाया, रायगढ़ चंद्रपुर माँ चन्द्रहासनी, बस्तर दंतेवाड़ा माँ दंतेश्वरी, कोरबा माँ मड़वारानी, धमतरी माँ अंगारा मोती, रायपुर माँ बंजारी, माँ महामाया की असीम कृपा से प्रदेश में सुख शांति समृद्धि व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हर साल नवरात्रि के साथ एक नए जोश का आगाज होता है, क्योंकि उसके बाद त्यौहारों का सिलसिला आरम्भ हो जाता है।

### बिल्डर ने किया अवैध निर्माण निगम की नोटिस के बाद खुद तुड़वाया

**रायपुर (ए)।** शहर में अवैध निर्माण को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अनुपम नगर में बिल्डर ने अवैध निर्माण कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में दो मंजिला अतिरिक्त निर्माण कर लिया था। इसकी जानकारी होने पर निगम की ओर से बिल्डर को नोटिस देकर अवैध निर्माण तोड़ने को कहा गया। ऐसा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माने की भी चेतावनी दी गई। निगम का नोटिस मिलने के बाद बिल्डर ने अवैध निर्माण के दोनों तलों को खुद तुड़वा दिया है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार अनुपम नगर के श्रीराम नगर फेस-1 में बिल्डर ने अपनी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के ऊपर दो मंजिला अतिरिक्त निर्माण करवा लिया था। जोन 9 के अफसरों को इसकी सूचना मिली उसके बाद टीम वहां पहुंची।

### स्कूल में व्यंजन मेला, घइंटा रोटी रहा आकर्षण का केंद्र

**रायपुर (ए)।** ग्राम सिंघारी के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित व्यंजन मेला में बच्चों के साथ ग्रामीणों में भी काफी उत्साह देखने को मिला है। जिसमें घइंटा रोटी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा वैसे ही आलू मिठाई, पगुआ, गोभी भजिया, गुझिया, खस्ता, चौसेला आदि व्यंजन भी लोगों के द्वारा काफी सराहा गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिंघारी के सरपंच पार्वती रात्रे शामिल हुई व व्यंजन का लुत्फ उठायी। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक गुरु दयाल कैवर्त्य प्रधान पाठक करन लाल चंद्राकार, उत्तरा साहू, शिक्षक विशेषर साहू, अदिति साहू, जयंत वर्मा एएचओ, आरती ध्रुव, सीता साहू, मीना पटेल, केजाबाई, बुलीन बाई, मानमती आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विशेषर साहू ने किया।

# पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद जश्न में डूबे रायपुरियंस, नवरात्र से पहले किया गरबा

**रायपुर (ए)।** एक नवरात्र उत्सव भले ही आज से शुरू हो रहे हों, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम एक दिन पूर्व शनिवार को ही रायपुरियंस को उत्सव से सराबोर होने का मौका दिया। अहमदाबाद में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर सात विकेट से विजयी सुगंध को रायपुर तक फैला दिया।





जिस पर रायपुर शहर ने गरबा किया। कुछ खेल मैदान में तो बड़ी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट मैदान की तरह लोगों ने मैच देखा। ऐसा लग रहा था कि मानो क्रिकेट प्रेमी क्रिकेट का मजा टीवी पर नहीं बल्कि स्टेडियम में जाकर लाइव देख रहे है। भारत के जीतने के बाद हर कोई इस जश्न को मनाने के लिए हाथों में तिरंगा लेकर जयस्तंभ चौक पर पहुंच गया और एक-दूसरे को बधाई दी।

क्रिकेट विश्व में भारत-पाक में पारा हमेशा से गर्म रहा है। इस तरह की गर्मी लोगों ने महसूस की अग्रसेन धाम में। अग्रसेन कार्निवल के दौरान भारत-पाकिस्तान मैच का लाइव प्रसारण बड़े पर्दे पर किया गया। मैच का एक भी छण देखने से चुके नहीं इसके लिए दर्शक मैच शुरू होने से 10 मिनट पहले से ही कुर्सी अपने नाम कर ली। जैसे मैच शुरू हुआ पूरा पंडाल जीतेगा भई जीतेगा...इंडिया के नारे से गूंज उठा। जब पाकिस्तान का विकेट गिरता तो ढोल और नगाड़े की धुन सुनाई देती।

### दशहरा मैदान में दिवाली जैसा जश्न

दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर में आइसीसी फैन का आयोजन किया गया। बड़े पर्दे पर भारत-पाक मैच का आनंद लेने क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ पड़ी। डीजे और रंगीन लाइट के बीच यह आयोजन किसी उत्सव से कम नहीं था। बच्चे, युवा, वृद्ध महिला और पुरूष का जमावड़ा आयोजन स्थल में मैच के अंतिम तक समय तक लगा रहा। जैसे ही बल्लेबाज केएल राहुल ने चौंका लगाकर मैच का समापन किया लोग डीजे की धुन में नाचने लगे। हाथो में तिरंगा झंडा लेकर इंडिया... इंडिया... के नारे लगाने लगे। देखते ही देखते आतिशबाजी से आसमान रंगीन हो उठा। जीत का यह जश्न शहर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए दीवाली से कम नहीं था।

### जीत के जश्न में जयस्तंभ चौक पर उमड़े क्रिकेट प्रेमी

भारत ने जैसे ही पाकिस्तान पर जीत दर्ज की। क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ जयस्तंभ चौक पर उमड़ गई और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इसके साथ ही एक दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दी गई। चौक पर क्रिकेट प्रेमियों का जोश देखते ही बन रहा था।

### होटलों में मिला ऑफरों का तोहफा

शहर के विभिन्न होटलों में क्रिकेट प्रेमियों के लिए हाल में ही बड़ा टीवी स्क्रीन लगाया गया था, जहां क्रिकेट प्रेमी अपने पसंदीदा व्यंजनों के साथ ही क्रिकेट का मजा भी ले सकते थे। इसके साथ ही खाने के बिल पर विशेष रूप से 25 से 35 फीसद तक छूट दिया गया। साथ ही ओवरों, रन या विकेट के आधार पर भी एक के साथ एक फ्री का आफर दिया गया। उपभोक्ताओं द्वारा भी इसे काफी पसंद किया गया।

## चुनाव ड्यूटीः कर्मचारी बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय, रखना होगा हमेशा मोबाइल ऑन

**रायपुर (ए)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अभनपुर विधानसभा के अभनपुर नगर पालिका और गोबरा-नवापारा क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान कोई अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय ना छोडे निरंतर संपर्क मे रहें और अपने मोबाईल फोन हमेशा ऑन रखें।



सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष होकर समर्पित भाव से कर्तव्यों का निर्वहन करें। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक कंट्रोल स्थापित करें इसका नंबर जारी करें। इस कंट्रोल रूम में अगल-अलग शिफ्टो में कर्मचारियों की डयूटी लगाएं। कोई भी शिकायत आने पर त्वरित निराकरण करने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाएं। जिन मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होनी है, वहां पर इंटरनेट कनेक्टिविटी का परिक्षण कर लें। सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधा मुहैया कराएं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अभनपुर में 240 मतदान केन्द्र है, जिसमें 120 में वेबकास्टिंग होगी। 10 संगवारी मतदान केन्द्र है। सभी मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा रही है। पुलिस द्वारा निरंतर वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

## रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों के 190 कोच में लगे कैमरे, चोरी जैसी घटनाओं पर लगेगा अंकुश

**रायपुर (ए)।** यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए ट्रेनों के कोचों में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाए जा रहे हैं। वर्तमान में रायपुर से होकर जाने वाली करीब 110 एलएचबी, 72 ईएमयू तथा 8 डेमू कोच में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इससे ट्रेन में होने वाली चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा। चोरी करने वाले आरोपी पकड़े भी जा सकेंगे।



ट्रेन में अक्सर चोरी की घटनाएं होती हैं। यात्रियों की लापरवाही का फायदा उठाकर चोर जेवरों और कैश से भरा बैग चुराकर ले जाते हैं। मोबाइल चोरी की घटनाएं भी बड़ी संख्या में होती है। सीसीटीवी कैमरा लगा होने से अब चोरी करने वालों की स्पष्ट तौर पर पहचान हो सकेगी। साथ ही ये भी पता चल सकेगा कि घटना कौन से स्टेशन के आस-पास हुई है।

बिलासपुर रेलवे जोन के 26 स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इन कैमरों की मदद से ट्रेन के रास्ते भागने वाले बदमाशों और चोरों की पहचान हो रही है। कई बार आरोपी पकड़े भी जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से रेलवे पुलिस ने पिछले 2 साल में करीब 50 से भी अधिक वारदातों को सुलझाया है।

## शान्ति सरोवर व नवा रायपुर में 15 से सजेगी नौ देवियों की चैतन्य झाँकी

**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवरात्रि पर विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर एवं नवा रायपुर के सेक्टर-20 में 15 से 24 अक्टूबर तक देवियों की चैतन्य झाँकी सजायी जा रही है। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों का दर्शन कर सकेंगे।





ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार झाँकी में संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से विशाल मंच पर विराजित शिवशक्तियों माँ दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली और गायत्री देवी आदि की महिमा का लाइट एण्ड साउण्ड के माध्यम से प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। राजयोग की सतत् साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। कुछ पल उस वातावरण में बैठने से दर्शकों को उनके द्वारा प्रवाहित शान्ति और शक्ति के प्रकम्पनों की अलौकिक अनुभूति होती है।

इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के शान्ति सरोवर एवं चौबे कालोनी स्थित सेवा केन्द्रों पर 25 अक्टूबर से सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया है। इस शिविर में भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8.30 अथवा शाम को 7 से 8.30 बजे में से किसी भी एक सत्र में भाग लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

## राजधानी के मां काली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रायपुर (ए)।** शक्ति उपासना के पर्व शारदीय नवरात्रि की शुरुआत आज से हो गई है। इस बार निवरात्रि में मां का आगमन हाथी पर हो रहा है। नवरात्र के पहले दिन देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी। इससे पहले प्रदेश समेत देश के सभी देवी मंदिरों में घटस्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना शुरू हो चुकी है। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। रायपर के मां महामाया मंदिर, आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर समेत शहर के मंदिरों में पूजा-पाठ प्रारंभ हो गया है। वहीं बिलासपुर के रतनपुर में स्थित देवी महामाया मंदिर में भी माता के दर्शन के लिए भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में भी पूजा-पाठ शुरू हो गई है। वहीं जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव चल रहा है। जिसमें आज काछन जात्रा और जोगी बिठाई की रस्म निभाई जाएगी। वहीं प्रदेश के अन्य देवी मंदिरों में भी माता नवरात्रोत्सव की शुरुआत हो चुकी है।

## एनजीओ के फंड पर आयकर की नजर 31 तक जमा करनी होगी ऑडिट रिपोर्ट

**रायपुर (ए)।** आयकर विभाग की नजर अब आम करदाताओं और बड़े-बड़े पूंजीपतियों के साथ ही नान गवर्नमेंट आर्गेनाइजेशन (एनजीओ) की होने वाली आय पर भी है। बताया जा रहा है कि पहले जो एनजीओ व ट्रस्ट केवल दो पेज की आडिट रिपोर्ट दाखिल करते थे, अब उन्हें 49 पेज की ऑडिट रिपोर्ट भरनी होगी। इसमें इन संगठनों को अपने आय-व्यय से संबंधित सारी जानकारी देनी होगी। इसके चलते ही 30 सितंबर तक जमा होने वाली आडिट रिपोर्ट एनजीओ के लिए 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।




जानकारों के अनुसार अब एनजीओ व ट्रस्टों के लिए नया फार्मेट 10(बी), 10(बीबी) आया है। इसमें आयकर दान, गुप्त दान, संस्थाओं के खर्च व उनके द्वारा दिए जाने वाले दान के संबंध में पूरी जानकारी मांगी जा रही है। बताया जा रहा है कि इन संस्थाओं के बीते कई वर्षों के रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं और खानापूर्ति में गलती होने पर संपत्ति के अनुपात में भारी टैक्स भी लगाया जा सकता है। कर विशेषज्ञ चेतन तारवानी ने बताया कि अब इन संस्थाओं द्वारा किसी प्रकार की चालाकी भारी पड़ने वाली है। आयकर नियमों का पालन करना उनके लिए जरूरी है।

### डोनेशन का खेल भी नहीं चलेगा

आयकर के नए नियम के अनुसार शैक्षणिक, सामाजिक, धार्मिक आदि संस्थाओं के लिए जरूरी है कि वे अपनी आय का 85 प्रतिशत हिस्सा सालभर में खर्च करें। संस्थाओं द्वारा 15 प्रतिशत बचाया जा सकता है। अब तक देखा जा रहा था कि इन संस्थाओं द्वारा 85 प्रतिशत हिस्सा खर्च न होने पर दूसरे ट्रस्ट को दान देकर खानापूर्ति की जाती थी। लेकिन अब नए नियम के अनुसार संस्थाएं एक-दूसरे को दान दे सकती हैं, लेकिन दान भी केवल 85 प्रतिशत ही माना जाएगा। अगर किसी संस्था की आमदनी 100 रुपये है तो उसे सालभर में 85 रुपये खर्च करने होते थे। लेकिन संस्था द्वारा 70-75 रुपये ही खर्च हो पाते थे। ऐसी स्थिति में संस्था डोनेशन देकर खानापूर्ति करती थी। अब नए नियमों के अनुसार ऐसी चालाकी करने पर टैक्स भरना होगा।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# जान लीजिए हाथ धोने का सही तरीका वरना हो जाएंगे गंभीर बीमारी के शिकार

जैसा कि आपको पता है हाथ धोना स्वास्थ्य के हिसाब से कितना जरूरी है। कोरोनावायरस महामारी जब तेजी से फैल रहा था। तब भी डॉक्टर यही निर्देश दे रहे थे कि समय-समय पर हाथ धोते रहिए। अगर आप समय-समय पर हाथ धोते हैं तो आप कई तरह की बीमारी से बचे रहेंगे। ऐसे में सबसे जरूरी यह जानना है कि हाथ धोने का सही तरीका क्या है? हाथ में कई सारे जर्म्स छिफे होते हैं जो हमें पता भी नहीं चलता है और वह खाने के साथ हमारे पेट के अंदर चला जाता है। ऐसे में सबसे जरूरी है कि हाथ को साफ रखा जाए।



## कब-कब हाथ धोना चाहिए?

**खाने से पहले:-** प्रत्येक भोजन से पहले, अपने हाथों से मुंह में बैक्टीरिया के स्थानांतरण को रोकने के लिए अपने हाथों को साफ करें।

**शौचालय का उपयोग करने के बाद:-** यह महत्वपूर्ण है। किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए अपने हाथ अच्छी तरह धोएं।

**छींकने या खांसने के बाद:-** रोगाणु बूंदों से फैलते हैं। खांसने या छींकने के बाद दूसरों और खुद की सुरक्षा के लिए अपने हाथ साफ करें।

**पब्लिक प्लेस को छुने के बाद भी हाथ धोना है जरूरी:-** आप किसी पब्लिक प्लेस पर घूमने गए वहां के दरवाजे के हैंडल, हैंडल और साझा वस्तुएं कीटाणुओं के लिए प्रजनन स्थल हैं। ऐसे संपर्क के बाद अपने हाथ साफ करें।

## हाथ कैसे धोएं?

**अपने हाथ गीले करें:-** अपने हाथों को गीला करने के लिए साफ, बहते पानी का प्रयोग करें। यह गर्म या ठंडा हो सकता है। तापमान उतना मायने नहीं रखता जितना संपूर्ण कवरेज।

**साबुन लगाएं:-** हाथ की सभी सतहों को ढकने के लिए पर्याप्त साबुन का प्रयोग करें।

**अच्छी तरह से साफ़ करें:-** अपने हाथों को हथेली से हथेली तक रगड़ें। अपने हाथों के पिछले हिस्से, अपनी उंगलियों के बीच और अपने नाखूनों के नीचे रगड़ें। ऐसा कम से कम 20 सेकंड तक करें।

**अच्छे से धोएं:-** साबुन हटाने के लिए अपने हाथों को साफ, बहते पानी के नीचे रखें।

**ठीक से सुखा लें:-** साफ तौलिये या एयर ड्रायर का प्रयोग करें। यदि आप तौलिए का उपयोग कर रहे हैं, तो अपने हाथों को जोर से रगड़ने के बजाय थपथपाकर सुखाएं।


## साथ ही यह काम करें

**नाखून साफ रखें:-** अपने नाखूनों को काटें और साफ रखें, क्योंकि उनमें गंदगी और कीटाणु हो सकते हैं।

**हैंड सैनिटाइजर:-** हालांकि वे सुविधाजनक हैं, फिर भी वे उचित हाथ धोने का विकल्प नहीं चुनते हैं। जब साबुन और पानी उपलब्ध न हो तो उनका उपयोग करें।

# टेंशन और निगेटिविटी से रहना है दूर तो घर पर पाल लें कुत्ता, हैरान कर देने वाले हैं कई फायदे

घर पर कुत्ता पालना बहुत से लोगों का शौक होता है। बहुत से लोग डॉगी के साथ ही अपना काफी समय बिताते हैं। क्या आप जानते हैं कि घर पर कुत्ता पालना आपकी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है। दरअसल, कुत्ता वफादार तो माना ही जाता है सेहत के लिए लाभकारी भी माना जाता है। एक्सपर्ट्स इसके कई फायदे बताते हैं। तो चलिए जानते हैं घर पर कुत्ता पालने से सेहत को किस तरह के और क्या-क्या फायदे होते हैं।



## नेगेटिविटी की छुट्टी

कहा जाता है कि घर में कुत्ता पालने से दिमाग में निगेटिव थॉट्स नहीं आते हैं। अगर आसपास डॉग है तो आपका ध्यान उसी पर रहता है और निगेटिव इमोशंस पास नहीं फटकते हैं। कुत्ता या पैट पर आपका फोकस डर को दूर करता है और निगेटिव विचारों को बदलने का काम करता है। कुत्ते के साथ खेलना भी फायदेमंद माना जाता है।

## तनाव से मिलेगा छुटकारा

घर पर अगर कुत्ता पाल रखा है तो तनाव आपसे दूर ही रहता है। दरअसल, कुत्ता पास रहने पर बहुत से लोग उसके साथ ही ज्यादातर टाइम बिताते हैं, ऐसे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं पड़ती और ध्यान टेंशन बढ़ाने वाली चीजों पर नीहं जाता है। इस कारण काफी हद तक तनाव कम हो जाता है।

## वजन कम करे

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि घर में डॉग पालने से वजन भी तेजी से कम होता है। जब आप उसे घुमाने के लिए डेली बाहर लेकर जाते हैं तो काफी देर तक आपका वॉक भी हो जाता है। इससे आपका खाना पच जाता है और वजन तेजी से कंट्रोल होता है।


## हेल्दी और फिट बनाए

एक्सपर्ट का मानना है कि एक हफ्ते में कम से कम तीन घंटे एक्सरसाइज तो करनी ही चाहिए। इससे सेहत शानदार बनती है। एक्सरसाइज हमें फिट भी रखने का काम करता है। जो लोग घर में कुत्ता रखते हैं, वे उसे घुमाने भी जरूर लेकर जाते हैं। उसके साथ भागते-दौड़ते हैं। इससे उनका वर्कआउट हो जाता है और वे फिट रहते हैं।

## कैंसर का संकेत मिल सकता है

एक्सपर्ट्स के अनुसार, घर में कुत्ता पालने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का पता भी आसानी से चल सकता है। एक रिसर्च में पाया गया है कि सूंघने की शक्ति ज्यादा होने के चलते कुत्ता कैंसर को काफी पहले ही सूंघ सकता है। इससे सही समय पर कुत्ता का पता कर उसका इलाज हो सकता है। इसलिए कुत्ता पालने से कई तरह के फायदे हो सकते हैं।

# अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी शाहरुख खान की डंकी, नहीं बढ़ाई गई डेट आगे






चार साल के बाद बड़े परदे पर वापसी करने वाले शाहरुख खान ने 2023 में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ का कारोबार करने वाली दो फिल्में पठान और जवान दी हैं। उनकी इस सफलतम वापसी को आगे बढ़ाने का काम करने वाली राजकुमार हिरानी की डंकी, जो क्रिसमस के मौके पर 22 दिसम्बर को प्रदर्शित होने जा रही है। बीते दिन इस फिल्म के बारे में समाचार फैला कि राजकुमार हिरानी की शाहरुख खान अभिनीत डंकी 22 दिसम्बर को प्रदर्शित नहीं हो पाएगी। इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। यह फिल्म साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' के साथ इस साल क्रिसमस के मौके पर 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

मीडिया में इस तरह की अफवाह उड़ी की 'डंकी' की रिलीज डेट को टाल दिया गया है, लेकिन यह सच नहीं है। मशहूर ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर 'डंकी' को लेकर जानकारी दी है कि इसकी रिलीज डेट को टाला नहीं गया है। शाहरुख की यह फिल्म इस साल अपनी तय तारीख पर क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। इसके साथ ही तरण ने यह भी बताया कि 'डंकी' का टीजर जल्द रिलीज होने वाला है।

हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 'डंकी' को 2024 के लिए पोस्टपोन किया जा सकता है। लेट्स सिनेमा के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट के अनुसार पोस्ट-प्रोडक्शन टाइमलाइन में देरी के कारण फिल्म को अगले साल के लिए पोस्टपोन किया जा सकता है। इसके बाद मेकर्स ने 'डंकी' को लेकर अपडेट दिया है।

# दुरंगा 2 में अमित साध और गुलशन देवैया का शानदार परफॉर्मेंस

नए रहस्य पनप रहे हैं और सामने आ रहे हैं क्योंकि दुरंगा 2 के ट्रेलर में गुलशन देवैया और अमित साध के किरदार अपनी पहचान को फिर से पाने के लिए संघर्ष में लगे हुए हैं। इस दौरान कई नए रहस्य सामने आते हैं। निर्देशक रोहन सिप्पी की क्राइम-थ्रिलर सीरीज दुरंगा के दूसरे सीजन के ट्रेलर को देखकर साफ है कि यह पहले वाले से भी अधिक रोमांचक है।

सीजन 2 का ट्रेलर दुरंगा एस1 की घटनाओं से शुरू होता है, जो एक कठिन मोड़ पर समाप्त हुआ, जिससे दर्शक उत्साहित हो गए और और अधिक इंतजार करने लगे क्योंकि नायक बिल्कुल वैसा नहीं है जैसा वह दिखता है।

ट्रेलर में, हम अभिषेक बन्ने के जीवन में अतीत में हुई घटना को देखते हैं। सम्मित पटेल 14 साल के बाद कोमा से बाहर आता हैं। इस दौरान उसकी पहचान का



इस्तेमाल उसका जीवन कोई और जी रहा है। अभिषेक बन्ने और सम्मित पटेल अब अपनी पहचान को लेकर आमने-सामने आते हैं और एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

साइकोलॉजिकल-क्राइम-थ्रिलर लोकप्रिय के-ड्रामा सीरीज फ्लावर ऑफ एविल का रूपांतरण है। कुल आठ एपिसोड वाली इस सीरीज में अमित साध, दृष्टि धामी, गुलशन देवैया मुख्य भूमिका में हैं। 8 एपिसोड के दुरंगा एस2 का प्रीमियर 24 अक्टूबर, 2023 को जी 5 पर होगा।

# सौंदर्या शर्मा शाहरुख अजय और अक्षय के साथ एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाली पहली अभिनेत्री बनी

सौंदर्या शर्मा इस समय सभी सही कारणों से इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं। यह अभिनेत्री अपनी सुंदरता और प्रतिभा के लिए जानी जाती है, लेकिन अब हर गुजरते दिन के साथ, वह जबरजस्त उपलब्धियां हंसिल रही है!सौंदर्या शर्मा आधिकारिक तौर पर शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की सुपरस्टार तिकड़ी के साथ एक ही साथ स्क्रीन साझा करने वाली पहली अभिनेत्री हैं।



यह खूबसूरत अभिनेत्री 'विमल इलायची' ब्रांड के एक विज्ञापन का हिस्सा है और जैसी कि उम्मीद थी, यह वीडियो कुछ ही समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो गया। सौंदर्या शर्मा जैसी उत्कृष्ठ प्रतिभा को लिए ये सही मंच है और उनके सभी प्रशंसकों को उनकी इस अनूठी उपलब्धि के लिए उन पर बहुत गर्व है। उसी के बारे में, सौंदर्या शर्मा बताती हैं की, हमारे देश के तीन सुपरस्टारों के साथ एक ही स्क्रीन स्पेस साझा करने का सौभाग्य मिला उसके लिए में आभारी हूँ।

बी-टाउन के तीन सुपरस्टार्स के साथ अभिनय करने के लिए चुनी गई एकमात्र लड़की होना कोई आसान काम नहीं है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सौंदर्या की इस सफलता को हांसिल करने के लिए वास्तव में कठिन समय का सामना करना पड़ा होगा। जैसे ही विज्ञापन की स्ट्रीमिंग शुरू हुई सौंदर्या उम्मीद के मुताबिक यह वायरल हो रही है। चाहे वह सोशल मीडिया फैन पेज हों या सुंदर और मनमोहक मीम पेज, सौंदर्या सचमुच हर जगह है और हमें लगता है कि वह इसकी हकदार है। एक ही फ्रेम में इन तीन सुपरस्टारों के साथ अभिनय करने वाली एकमात्र अभिनेत्री होने के लिए सौंदर्या को बधाई। वे ऐसे ही अच्छे काम करती रहें! अधिक अपडेट के लिए बने रहें।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट में शहनाज गिल ने दिखाया ग्लैमरस अवतार हॉटनेस देख यूजर्स हुए घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस की फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग रिलीज हुई है, जिसमें शहनाज गिल की एक्टिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट इंडो-वेस्टर्न लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी सेक्सी अदाएं देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल हमेशा अपने चुलबुले अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में शहनाज गिल ने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी सेक्सी नजर आ रही हैं। शहनाज गिल ने अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए सिंपल शाइनिंग लुक में शॉर्ट्स और साथ ही डीपनेक टॉप पहना हुआ है। गले में नेकलेस, ग्लैम मेकअप और बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। शहनाज गिल अपनी इन फोटोज में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। फैंस को एक्ट्रेस का ये अवतार काफी पसंद आ रहा है। साथ ही लोग उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। शहनाज गिल सोशल मीडिया के जरिए लोगों से काफी जुड़ी रहती हैं। और अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# निर्वाचन संपन्न कराने सभी अपने जिम्मेदारियों का गंभीरता से करें निर्वहन - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जिले के नव पदस्थ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन के सभी कार्यों के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं तथा टीमें भी गठित कर दी गई हैं। सभी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, जिससे व्यवस्थित और सुचारू रूप से निर्वाचन का कार्य संपन्न कराया जा सके।



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्दर यादव, डीएफ्ओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफ्ओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर संतन देवी जागड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन तिथि घोषणा पश्चात आवश्यक तैयारी के संबंध में जानकारी ली। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय ने निर्वाचन तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के चार विधान सभाओं में 1085 मतदान केंद्र हैं। जिसमें से रायगढ़ विधानसभा के 59 मतदान केन्द्र सारंगढ़ जिले में है। इसके साथ उन्होंने प्रस्तावित स्थल, भवन तथा नाम परिवर्तन के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार मतदान केन्द्रों की जानकारी देते हुए निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की जानकारी ली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ने नाम निर्देशन हेतु निर्धारित स्थल की जानकारी दी एवं उन्होंने बताया की तीन विधानसभाओं का सामग्री वितरण-वापसी केआईटी रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ विधानसभा सामग्री वितरण डाइट धरमजयगढ़ से किया जाएगा। जिसके लिए पर्याप्त मैन पावर, ईवीएम उपलब्ध हैं। निर्देशानुसार संगवारी, आदर्श, दिव्यांग एवं युवा मतदान केन्द्रों के कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के सुचारु संपादन हेतु निर्देशित किया तथा आयुक्त आबकारी को गठित टीम के माध्यम से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब परिवहन, भंडारण ब्रिकी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती चौकसी को लेकर भी पुलिस अधिकारियों और निगरानी दल को निर्देशित किया।

## कंट्रोल रूम, ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

कलेक्टर गोयल ने निर्वाचन कार्य संचालन हेतु बनाए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी रजिस्टर को अपडेट करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सी-विजिल कक्ष भी पहुंचे। यहां उन्होंने एप के माध्यम से प्राप्त शिकायत, एफएसटी को फॉरवर्ड एवं शिकायत निराकरण के संबंध में जानकारी ली। वीएसटी, लेखा, सहा.व्यय पर्यवेक्षकों के कक्ष में पहुंचे एवं उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट कंट्रोल रूम व एमसीएमसी का भी निरीक्षण कर वहां काम काज की जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों के निर्वहन के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने तहसील कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा के साथ ही रिकॉर्डिंग के निर्देश दिए, साथ ही कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर रेगुलर मॉनिटरिंग व जानकारी संधारित करने के निर्देश वहां सुरक्षा में तैनात गार्ड को दिया।

# जेवरा सिरसा में छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने किया संगठन का विस्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जेवरा सिरसा में छग बजरंग दल ने संगठन विस्तार किया। इस आयोजन में भारी संख्या में नए बजरंगियों ने संगठन में प्रवेश किया।

विभाग संयोजक रवि निगम ने संगठन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की कितनी शक्ति होती है, कई समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रखंड स्तर पर दायित्व प्रदान किया तथा दुर्गा वाहिनी में भी अनेक बहनों को दायित्व दिया और कई नवीन बहनों ने संगठन में संकल्पित भाव धार्मिक विधिवत प्रवेश किया। जिसमे आगामी 29 अक्टूबर को सुपेला भिलाई में आयोजित विशाल वार्षिक विजयादशमी उत्सव में शस्त्र पूजन एवम रैली की तैयारी के बारे में जानकारी दी।

विभाग संयोजक रवि निगम के साथ विशेष उपस्थित संगठन विस्तार प्रमुख ईश्वर गुप्ता ,सत्संग प्रमुख इंद्रजीत गोस्वामी ,विभाग सह संयोजक अजय सेन,प्रखंड प्रमुखश्री राजा साहू, शीतल साहू वार्ड17 मातृ शक्ति अध्यक्ष, पूजा रात्रे वार्ड 17 दुर्गा वाहिनी सयोजिका राहुल रात्रे वार्ड 17 सयोजक खिलेश साहू वार्ड17 सह संयोजक।

सरिता मारकंडे फिनी खुटेल दुर्गा बाई वर्षा साहू रितु साहू उर्मिला पटेल सुगा खूटेल सुनीता विश्वकर्मा पार्वती बाई शांति बाई कजला बाई जाना बाई अमन साहू चंदन देशलहरे मित्तू साहू भुनेश्वर नितिश ठाकुर संदीप सेन भावेश ठाकुर बंटी केतन ठाकुर विक्की साहू किशोर मोहित मारकंडे अजय शिव साहू लक्ष्मीनारायण गेंदरे दीपक वर्मा अनीश डहरिया कृष्णा अवतार सींग आशु रितिक विक्की गरिमामय उपस्तिथि में संपन्न हुई।

## खास खबर

### शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित होती बिहान की हजारों महिलाएं

**गरियाबंद।** जिले में स्वीप कार्यक्रम व चुनई तिहार 2023 अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव के नेतृत्व में विशेष अभियान 'संकल्प गरियाबंद' चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध जागरूकता सम्बन्धी गतिविधिया सम्पादित की जा रही है। इसके तहत आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान गठित स्व सहायता समूह की हज़ारो महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली। साथ ही जिलावासियों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित किया। इसमें देवभोग, मैनपुर, गरियाबंद, फिंगेश्वर, छुरा विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के संकुल स्तरीय संगठनों, ग्राम संघठनो के हजारों की संख्या में पदाधिकारी, समूह सदस्यों, कैडर्स, पीआरपी, क्षेत्रीय समन्वयक शामिल होकर संकल्प गरियाबंद अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। आज के मतदाता शपथ को सफल बनाने में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, डीपीएम बिहान, बीपीएम बिहान, वाय पी , क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी का विशेष योगदान रहा।

### ब्रिक्स गेम्स डरबन में विनय बैसवाड़े भारत का प्रतिनिधित्व करेगें

**रायगढ़।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तकनीकी समिति के सदस्य श्री विनय बैसवाड़े का चयन भारतीय टेबल टेनिस दल का प्रतिनिधित्व टेकनीकल ऑफिशियल के रूप में दिनांक 18 से 21 अक्तूबर 2023 तक डरबन, साऊथ अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स गेम्स टेबल टेनिस 2023 में करने हेतु किया गया है। इसके पूर्व भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टेकनीकल ऑफिशियल के रुप में भाग ले चुके हैं । छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष श्री विनय बैसवाड़े, अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं खिलाड़ी हैं तथा भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर में कार्यरत है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष श्री शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव श्री सार्थक शुक्ला, कोषाध्यक्ष श्री सौरभ शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई दी एवं सफल यात्रा हेतु शुभकामनाए दी।

### रायगढ़ जिले के 50 वें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने किया पदभार ग्रहण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट में जिले के 50 वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफ्ओ रायगढ़ स्टाइलो मंडावी, डीएफ्ओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुआकोंडा में पीठासीन एवं मतदान दलों को दिया गया प्रथम चरण प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** विधानसभा निर्वाचन-2023 को मद्देनजर रखते हुए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में सघन प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी है। मतदान दलों को मतदान की सभी बारीकियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया की हरेक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी अवश्य प्राप्त करें। इसके अलावा अपनी समस्त शंकाओं का समाधान भी प्रशिक्षण सत्र में ही कर लेवें। सफल निर्वाचन कार्य सम्पादन के लिए हर मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों के लिए मतदान प्रक्रिया का गहराई से ज्ञान अनिवार्य है।

उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार विधानसभा निर्वाचन के लिये विकासखंड कुआकोंडा के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण का जायजा लेने के दौरान मतदान दलों को दिया गया।

इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सेक्टर आफिसर्स तथा मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा। वहीं मतदान दलों को मतदान और मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने की समझाईश देते हुए कहा कि जहां पीठासीन अधिकारी को पूरी सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करना होगा, वहीं मतदान दल के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारी के साथ दायित्व निर्वहन करना पड़ेगा। उन्होंने मतदान के पश्चात मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पादित करने पर बल देते हुए कहा कि मतगणना के बाद अभ्यर्थीवार पर्ची बनाने में सतर्कता बरती जाये। इसके साथ ही मतपत्रों की पृथक-पृथक बण्डल तैयार कर लिफाफे में सीलिंग करने की प्रक्रिया हो। मतगणना के बाद तैयार पर्ची के आधार पर ही टेबुलेशन कर परिणाम निर्धारित किया जाता है। इस हेतु हरेक कार्य को पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नंदनवार ने मास्टर्स ट्रेनर्स को हरेक पहलुओं के बारे में सघन प्रशिक्षण देने के साथ ही मतदान दलों के शंकाओं का समाधान किये जाने कहा। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा कम्प्यूटर पावर पाइंट प्रस्तुति के जरिये मतदान दलों को मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके साथ ही मतदान दलों के शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेंद्र ठाकुर,सहित सभी सेक्टर ऑफिसर तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# बीएसएफ का आदिवासी युवा विनिमय प्रोग्राम 30 युवाओं का पहला जत्था हुआ दिल्ली रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 15 वाँ आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को जिला कांकेर, छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवम् नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 15 आदिवासी युवा लड़के एवं 15 युवा लड़कियों के पहले जत्थे को दुर्ग रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। सीमा सुरक्षा बल के 02 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 01 महिला सुरक्षा अधिकारी भी इनके साथ रवाना हुए। ये जत्था दिल्ली में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा।




इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जायेगी, साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही दिल्ली के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 15 वाँ आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 04 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 130 चयनित युवा भाग ले रहे है। इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियां, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी दिल्ली के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के कैंपो का भ्रमण करेंगे। इस कार्यक्रम के पहले जत्थे को दिल्ली रवाना करते हुए श्री सतीश एस खण्डारे, आईपीएस, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ़ एवं अजय अग्रवाल, उपमहानिरीक्षक (इंटेलीजेंस) ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।

# नवरात्रि में नौ दिन लेंगे मतदान करने का संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देवी आराधना के पर्व नवरात्रि में पूरे नौ दिन अलग-अलग वर्ग के मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया जाएगा। इसके लिए हर दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संबंधित विभाग व प्राधिकारित अधिकारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता संकल्प अभियान की गतिविधियां आयोजित करेंगे। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, सफाई कामगार, स्वास्थ्य कर्मी, श्रमिक, व्यापारी व उद्योगपति, नौकरी पेशा, खिलाड़ी व धर्म प्रमुखों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने बताया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्य क्षेत्र से जुडे लोगों को अलग-अलग दिन संकल्प दिलाया जाएगा।

आज शक्ति संकल्प से होगी शुरुआत पहले ?दिन 15 अक्टूबर को शक्ति संकल्प के साथ शुरुआत होगी। जिले की सभी मातृ शक्ति अर्थात महिलाएं इसमें शामिल होंगी। दूसरे दिन 16 अक्टूबर को स्वच्छ संकल्प में सभी निकायों के सफाई कामगारों,



विभाग से जुड़े अफसर- कर्मचारी मतदान करने की शपथ लेंगे। 17 अक्टूबर को सियान संकल्प का दिन होगा। इस दिन 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मतदान करने की शपथ दिलाई जाएगी।

श्रमिक, कर्मी और अधिकारी लेंगे शपथ 18 अक्टूबर श्रम संकल्प का दिन होगा। जिले में जितने भी श्रमिक वर्ग हैं, उन्हें विधानसभा चुनाव में मतदान जरूर करने का संकल्प दिलाया जाएगा। 19 अक्टूबर को युवा संकल्प दिवस मनाकर जिले के सभी युवा वर्ग को उनके वोट का महत्व बताते ?हुए मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। 20 अक्टूबर को स्वास्थ्य संकल्प में स्वास्थ्य से जुड़े सभी वर्ग डॉक्टर्स, नर्सिंग व मेडिकल स्टाफ को शपथ दिलाएंगे।

हमारे एक वोट के 9 मायने 1. वोट नीतियों को प्रभावित करने ?व राज्य की दिशा तय करने की शक्ति है। 2. वोट देकर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को संरक्षित करने में योगदान देते हैं। 3. वोट देने का मतलब है हमारी आवाज सुनी जाए, बोलने, अभिव्यक्ति, धर्म और समानता के अधिकारों की रक्षा हो। 4. निष्पक्ष और प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में वोट मायने रखता है। 5. सरकार के विभिन्न स्तरों पर अपने नेता चुनने में मदद मिलती है। 6. मतदान ऐसे प्रतिनिधि को चुनने का अधिकार देता है जो वास्तव में जनता की चिंता, आकांक्षा और हितों को समझते हैं। 7. हमारा एक वोट देने का मतलब सामाजिक और आर्थिक विकास में हमारी भी भूमिका है। 8. सक्षम नेताओं को चुनकर हम उन नीतियों में योगदान दे सकते हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, रोजगार, गरीबी उन्मूलन के लिए जरूरी है। 9. भारी मतदान प्रतिशत एक समृद्ध और समतापूर्ण समाज को दर्शाता है।

## मतदाता जागरूकता अभियान : निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फ्दरफेड़ के विद्यार्थियों ने गाँव में रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपन वोट अपन अभिमान, 17 नवंबर को करना है मतदान,से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



















# पुष्पा फिल्म की तर्ज पर हो रही थी शराब की तस्करी 200 पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चुनावी माहौल में शराब के अवैध परिवहन पर दुर्ग पुलिस की नजर है। शनिवार को दुर्ग जिले की पुरानी भिलाई पुलिस ने 200 पेटी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। 10 चक्का ट्रक में 200 पेटी शराब लेकर तस्कर पहुंचे थे जो पुरानी भिलाई पुलिस की जांच में पकड़े गए। शराब की तस्करी में लिए शातिरों ने पुष्पा फिल्म का आइडिया चुराया था। जिस ट्रक में शराब की पेटियां मिली उसमें आधा राखड़ भरा हुआ था। पुलिस ने राखड़ खाली कर शराब की पेटियां बरामद की। पकड़ी गई शराब की कीमत एक लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शराब के साथ 10 चक्का ट्रक भी जब्त किया है जिसकी कीमत 7 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है।



दरअसल दुर्ग एसपी द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शराब के अवैध परिवहन पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान सभी थाना क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। इस दौरान पुरानी भिलाई पुलिस को विशेष सूत्रों से पता चला कि 10 चक्का ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 8512 में कुछ लोग मध्यप्रदेश की ओर से भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर लाए हैं जिसे ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज इंजीनियरिंग पार्क के एरिया में किसी बंद फैक्ट्री में ट्रक को छिपाकर रखे हैं।

सूचना पर टीम द्वारा इंजीनियरिंग पार्क क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अंततः इंजीनियरिंग पार्क स्थित जय पार्वती इंडस्ट्रीज के बगल में बंद पड़ी एक गोडाउन में उक्त ट्रक अंदर खड़ा दिखाई दिया। गेट में अंदर से ताला लगा हुआ था जिससे टीम द्वारा अंदर जाकर देखने पर ट्रक में दो व्यक्ति बैठे मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम गणेश कुमार पिता देवीदास झुराड़े निवासी यवतमाल महाराष्ट्र व आसिफ सैयद निवासी नागपुर का होना बताए। जिनसे ट्रक में भरे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर राखड़ भरा होना जिसे उक्त गोडाउन में खाली करने के लिए आना बताया गया।

इसके बाद ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में केवल 6 फीट राखड़ भरा हुआ था और बाकि जकह अवैध शराब की पेटियां भरी हुई मिली। जिससे उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध मौके पर ही धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 200 पेटी शराब प्रत्येक पेटी में 50/50 पौवा प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब एवं घटना में प्रयुक्त 10 चक्का ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 8512 को जप्त किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू से एएसआई शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र मढ़रिया, शगीर खान, आरक्षक अरविंद मिश्रा, अमित दुबे, राकेश चौधरी, डी. प्रकाश, रिंकु सोनी, भावेश पटेल, रमेश पाण्डेय, नितिन सिंह, राकेश अन्ना, विक्रांत यदु व थाना पुरानी भिलाई से प्रधान आरक्षक राकेश सिंह, आरक्षक संदीप सिंह, कृष्णा सिंह, हरिश राव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## खास-खबर

### सस्ती शराब को महंगी शराब के बोतल में भरकर बेचने वाला गिरफ्तार, 30 लीटर शराब जब्त

**रायपुर (ए)।** मंहगी शराब में सस्ती शराब मिक्स कर बेचने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित बुद्धसेन जायसवाल निवासी ग्राम सरईसेंगर थाना लौर जिला मऊगंज मप्र हाल पंडरी थाना सिविल लाइन रायपुर को गिरफ्तार किया गया है।

उसके पास से अलग-अलग बोतलों में 30 लीटर शराब जब्त की गई है। आरोपित बार में काम करता है। उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गुरुवार को एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिविल लाइन क्षेत्रांतर्गत काली नगर पंडरी स्थित मकान में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर रखा गया है।

जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए मकान में रेड कार्रवाई की। इस दौरान मकान में एक व्यक्ति उपस्थित पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बुद्धसेन जायवाल निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी लेने पर कमरे में शराब और खाली बोतले रखा होना पाया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा सस्ती शराब को महंगी बोतल में भर के बेचना बताया गया।

### दो वर्ष की सौतेली बेटी से दुष्कर्म के दोषी को उम्र कैद

**रायपुर (ए)।** दो वर्ष की सौतली पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने दो अलग-अलग धाराओं में आजीवन कारावास के साथ दो-दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार बालिका की मां ने पुरानी बस्ती पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका विवाह वर्ष 2016 में आरोपित से हुआ, जिससे कोई संतान नहीं है। फिर वर्ष 2018 में वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह कर साथ रहने लगी, जिससे दो साल और आठ महीने की बच्ची है। मई 2020 में वह अपने पहले पति के मनाने पर उसके साथ आकर रहने लगी। नौ अप्रैल 2021 को आरोपित अपनी दोनों सौतेली पुत्रियों को घुमाने ले जाने के नाम पर घर से निकला और दो साल की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान मौके पर पत्नी के पहुंचने पर पति भाग निकला।

शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पाक्सो) लवकेश प्रताप सिंह बघेल की कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया। न्यायाधीश ने पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत, गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित को दोषसिद्ध करार देते हुए धारा 376 एबी, पाक्सो एक्ट में आजीवन कारावास, दो हजार रुपये अर्थदंड और धारा 5(ढ)6 में आजीवन कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर चार-चार माह सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### कलेक्टर-एसपी ने किया इव्हीएम वेयर हाऊस का निरीक्षण

**बिलासपुर (ए)।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के साथ जिला कार्यालय परिसर स्थित इव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव में उपयोग में आने वाली इव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनें यहां सुरक्षित रखी गई हैं। उन्होंने उप जिला निर्वाचन कार्यालय, एमसीएमसी, नियंत्रण कक्ष सहित अन्य चुनावी तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नियंत्रण कक्ष को मिल रही शिकायतों एवं इनके निराकरण की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यालय में नामांकन के लिए की जारी तैयारियां भी देखी।

कार में बैठकर भारत-पाक मैच पर सट्टेबाजी

## रायगढ़ में हर गेंद पर दांव लगा रहे 4 सटोरिए गिरफ्तार, 10 मोबाइल, एक टैबलेट जब्त

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ पुलिस ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले 4 सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 10 मोबाइल, एक टैबलेट और 10 हजार 790 रुपए नगद और हिसाब की पर्चियां मिली हैं। बेलादुला रोड पर एक संदिग्ध कार में कुछ युवक बैठकर क्रिकेट सट्टा नोट कर रहे थे।

मौके पर एक कार में बैठे चार युवक भारत-पाकिस्तान मैच में हर गेंद पर मोबाइल से क्रिकेट सट्टा लगाने वालों से कागज पर नगद रकम नोट करते पकड़े गए हैं। आरोपियों




की कार नंबर CG 13 AS- 9142 को जब्त कर चक्रधरनगर थाने लाया गया। ये कार्रवाई साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस ने की है।

## कबीरधाम के तीन शिव मंदिरों में तोड़फोड़: एक मंदिर से शिवलिंग की चोरी, अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**कबीरधाम (ए)।** कबीरधाम जिला के ग्राम मोहगांव में शुक्रवार-शनिवार के दरम्यानी रात तीन शिव मंदिरों में तोड़फोड़ कर शिवलिंग को खंडित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामला पांडातराई थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, एक मंदिर से शिवलिंग की चोरी भी गई है। इस घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों ने पांडातराई थाना में



इसकी सूचना दी। घटना की निंदा करते हुए ग्रामीण हंगामा करने लगे। पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए मामले को शांत कराया। समझाइश के बाद लोग शांत हो गए। फिलहाल मामला पुलिस के कंट्रोल में है।

बता दें आज से कुछ साल पहले पांडातराई थाना के डोंगरिया गांव में जलेश्वर महादेव मंदिर स्थित शिवलिंग को खंडित किया गया था। वहीं अब इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है और इसकी कड़ी निंदा की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पंडरिया एसडीओपी पंकज पटेल का कहना है कि 13-14 अक्टूबर के दरम्यानी रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ की गई है। वहीं एक जगह की शिवलिंग को भी अज्ञात आरोपी लेकर चले गए हैं। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

## हाइवा के चपेट में आया कर्मचारी: पहिए की नीचे फंसी बाइक, मौके पर मौत

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिला के एसईसीएल गेवरा खदान में हादसा हो गया है। एक भारी वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची दीपका थाना पुलिस ने शव को अस्पताल भेजवाया। पुलिस मामला दर्ज कर हादसे की जांच करने में जुट गई है।

एसईसीएल गेवरा खदान में इस हादसे के बाद हड़कंप मच गया। मृतक हरदी बाजार निवासी 40 वर्षीय जयपाल सिंह जेवर खदान में पदस्थ था। शनिवार की सुबह 6 बजे फर्स्ट ड्यूटी करने आया हुआ था, जहां काम खत्म होने के बाद वह घर लौट रहा था। उसी समय खदान में एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने मृतक को अपनी चपेट में ले लिया, जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि हाइवा वाहन पर कोयला लोड था और वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके चलते ये हादसा हुआ है। हाइवा के नीचे मृतक का बाइक फंस गया और चालक पहिए के नीचे आ गया। जिसके कारण जयपाल का सिर कुचला गया।

दीपका थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करवाई कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना किया। इसकी बाद हादसे की जानकारी परिजनों को दी गई। मृतक के परिजनों का भी बयान दर्ज किया गया है। हादसा कब, कैसे और किन परिस्थिति में हुई, पुलिस इसकी जांच करने में जुट गई है।

## रायपुर में युवक का मर्डर, नशे में गाली गलौज के बाद हुए विवाद में हत्या की आशंका

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के धूप्पड़ पेट्रोल पंप के पास युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या की खबर आ रही है। दीपक निषाद नामक युवक की पीटने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। शराब पीकर नाली में गिरे दीपक को युवकों ने शराबी कहने पर मृतक ने गाली-गलौज की। युवकों ने दीपक निषाद को पीट-पीटकर नाली में ही डालकर फरार हो गए। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। दरअसल, यह घटना आजाद चौक थाना इलाके का है।

## ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट पर सवार होकर की जांच: 35 मॉडिफाई साइलेंसर उतरवाए, आचार संहिता के चलते गाड़ियों के नेम प्लेट भी हटाए

**रायपुर (ए)।** चुनावी आचार संहिता लगते ही रायपुर में ट्रैफिक पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है। सड़कों पर ट्रैफिक के जवान ना सिर्फ वाहनों को रोक रहे हैं जबकि उस पर खुद सवार होकर उसकी चेकिंग कर रहे हैं। हाल ही में मॉडिफाई साइलेंसर पर एक्शन लिया गया था जिसके बाद फिर अब पुलिस ने कई बुलेट गाड़ियों को रोका और फिर खुद बैठकर उसका साइलेंसर भी चेक किया। इसके अलावा पुलिस के आला अफसरों के निर्देश पर सड़कों पर काली फिल्म लगाकर दौड़ रही गाड़ियों पर भी कार्रवाई की गई। साथ ही कई गाड़ियों में नाम और राजनीतिक दल के चिन्ह लगा नेमप्लेट भी हटाया गया।

### नेताओं के नेमप्लेट वाली गाड़ियों को भी रोका

मॉडिफाई साइलेंसर के अलावा पुलिस उन-उन नेताओं की गाड़ियों को भी



रोक रही है जिसमें सामने बड़े-बड़े नेम प्लेट लगवाए गए हैं। ये कार्रवाई चुनावी आचार संहिता की वजह से जारी है। जिसमें राजनीतिक दलों के नाम चिन्ह वाले प्लेट हटाए जा रहे हैं। इस चेकिंग अभियान में 24 घंटे में 22 गाड़ियों से नेम प्लेट पट्टी हटाए गए हैं।

वहीं 58 वाहन चालकों पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने के तहत कार्रवाई की गई है। इन नशेबाज ड्राइवर में कई ऐसे भी रहे जो ट्रैफिक पुलिस के जवानों से लगातार उलझते भी रहे। उन्होंने फोन पर अपनी पहुंच भी दिखाने की कोशिश की। लेकिन इसके बावजूद भी ऐसे लोगों पर पुलिस ने सख्ती से कार्रवाई की।



ट्रैफिक विभाग के डेटा के अनुसार आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक करीब 2414 गाड़ियों पर चालान हुए हैं। जिसमें 17 लाख 7 हजार 200 रुपए चालान के माध्यम से वसूल किए गए हैं। इस दौरान शहर के बाहर से आने-जाने वाली गाड़ियों के डिक्की को खोलकर भी चेक किया गया।

### भीड़-भाड़ वाले इलाके में अतिक्रमण पर होगा एक्शन

पुलिस आईजी रायपुर रेंज रतन लाल डांगी और रायपुर एसएसपी ने चुनाव और त्योहारों के सीजन को देखते हुए अफसरों को कई निर्देश दिए हैं। जिसमें भीड़भाड़ वाले इलाकों की सड़कों पर अतिक्रमण कर जाम लगवाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा फुटपाथ को घेरकर रखने वाले दुकानदारों पर भी निगम के साथ मिलकर एक्शन की तैयारी है।


### दुकान के अंदर जाने वाले ग्राहकों को अस्थायी पार्किंग

आगामी त्योहारों में बाजार पहुंचने वाले लोग अक्सर अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ा कर दुकान के अंदर शॉपिंग करने चले जाते हैं। जिससे सड़क पर जाम के हालात बन जाते हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक ऐसे ग्राहकों के लिए अब आसपास अस्थाई पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। जिससे सड़क जाम मुक्त हो सके। रायपुर ट्रैफिक पुलिस का ये स्पेशल चेकिंग अभियान एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी ट्रैफिक सचिन्द्र चौबे के सुपरविजन में किया जा रहा है।

रायपुर में मॉडिफाई साइलेंसर लगवाकर बुलेट गाड़ी से तेज पटाखे की तरह आवाज निकालना यूथ के बीच ट्रेंड में है। जिस वजह से ट्रैफिक पुलिस के जवान खुद बुलेट पर बैठ गए। फिर ऐक्सलरेटर देकर इस बात की उन्होंने बारीकी से जांच भी की। जिसमें मॉडिफाइड साइलेंसर को तत्काल उतरवा कर चालानी कार्रवाई की जा सके।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006




Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश वासियों को नवरात्रि पर्व की दी शुभकामनाएं

**दुर्ग।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को श्रद्धा और भक्ति के पावन पर्व नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी है। 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति में मां दुर्गा की



उपासना का अत्यधिक महत्व है। मां दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ रूपों के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हमें प्रेरणा प्रदान करता है। नवरात्रि के आगमन पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

### मतदाता जागरूकता संकल्प अभियान आज से

**भिलाई।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिला में शत् प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्य क्षेत्र से जुडे लोगो को दिलाएगें नौ संकल्प। विधानसभा निर्वाचन 2023 में अभी नागरिकगण अपने मताधिकार का उपयोग करे तथा समाज के हर वर्ग की भागीदारी मतदान में सुनिश्चित हो इसकी जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विस्तृत कार्यक्रम बनाया गया है जिसके अनुसार 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि पर्व पर लोगो को दिलाएगें 9 संकल्प जिसमें शक्ति संकल्प 15 अक्टूबर रविवार, स्वच्छ संकल्प 16 अक्टूबर सोमवार, सियान संकल्प 17 अक्टूबर मंगलवार, श्रम संकल्प 18 अक्टूबर बुधवार, युवा संकल्प 19 अक्टूबर गुरूवार, स्वास्थ्य संकल्प 20 अक्टूबर शुक्रवार, वाणिज्य संकल्प 21 अक्टूबर शनिवार, सर्व धर्म संकल्प 22 अक्टूबर रविवार एवं क्रीडा संकल्प 23 अक्टूबर सोमवार को कराया जायेगा। जिला प्रशासन मतदान मे हर वर्ग को जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान प्रारंभ कर रहा है लोग अपना मतदाता परिचय पत्र को प्रदर्शित करते हुए निर्धारित तिथि को संकल्प लेगें।

### राष्ट्रीय कुश्तीः छग का नेतृत्व करेंगे भिलाई के 6 पहलवान

**भिलाई।** 37वीं नेशनल गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता फ्री स्टाइल व ग्रीको रोमन का आयोजन 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक गोवा में होगा। छग की टीम को (9) वजन भार समूह के लिए पत्र आया है, जिसके लिए 12 अक्टूबर को बीएसपी अखाड़ा सेक्टर-3 में चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के हर जिले से लगभग 120 पहलवानों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में 9 भार समूह में से 6 भद्यर समूह में बीएसपी अखाड़ा के पहलवान प्रथम स्थान प्राप्त कर चयनित हुए। कोच व मुख्य निर्णायक भगवान पहलवान व अश्वनी पांडे हैं। चयनित पहलवानों में 86 किग्रा वर्ग में विजेंद्र पाल सिंह, फ्री स्टाइल 97 किग्रा में विनय जोशी फ्री स्टाइल, 125 किग्रा में अमित यादव फ्री स्टाइल, 87 किग्रा में अवधेश यादव ग्रीको रोमन, 97 किग्रा में हिमांशु यादव ग्रीको रोमन और 77 किग्रा भार समूह में अनीश सिंह ग्रीको रोमन का चयन हुआ है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन हॉस्पिटल में स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में, 09 से 14 अक्टूबर तक स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 का आयोजन किया गया था। जिसका समापन 14 अक्टूबर 2023 को जेएलएन हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हाल में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ के मुख्य आतिथ्य में किया गया।




इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी-डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर सहित सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ प्रतिभा इस्सर, डॉ लता देवांगन, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग से वरिष्ठ सलाहकार (रेडियोलॉजी) डॉ धीरज कुमार गुप्ता, अन्य वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरा-मेडिकल स्टाफ भी उपस्थित थे। डॉ एम रवींद्रनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर महिला को स्तन कैंसर के लक्षणों पर नियमित निगरानी रखना बहुत जरूरी है। रोग निवारक उपचार के साथ-साथ, समय समय पर जाँच कराना स्तन कैंसर को ठीक करने में सहायक होता है। डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि रेडियो-डायग्नोसिस विभाग के सहयोग से सफ्लतापूर्वक आयोजित, स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 ने वास्तव में एक बेंचमार्क स्थापित किया है। स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 के दौरान, 09 से 14 अक्टूबर तक, स्तन कैंसर जागरूकता पर विभिन्न स्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थी।

जिसमें जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का ओपीडी परिसर, बीटीआई, भिलाई महिला कॉलेज आदि सम्मिलित है। स्तन कैंसर जागरूकता पर आयोजित, विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंधित विजेताओं को डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा, पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का मंचन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, व्याख्यान, और स्तन कैंसर जागरूकता पर चर्चाएं सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगितायें और गतिविधियां शामिल हैं। ये जागरूकता पोस्टर, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग द्वारा आयोजित स्तन कैंसर जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता के तहत, अस्पताल स्टाफ और नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं द्वारा बनाए गए थे। इसी क्रम में, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ प्रतिभा इस्सर ने, स्तन कैंसर जागरूकता पर समस्त कार्यक्रमों का एक समावेशी विवरण दिया7 स्तन कैंसर जागरूकता पर आधारित डॉ प्रतिभा इस्सर द्वारा एक जानकारीपूर्ण वार्ता का साक्षात्कार वीडियो भी चलाया गया, जो अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जॉली मैथ्यू की मेजबानी में किया गया था। कार्यक्रम का संचालन डॉ शुभांगी गौरहा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ धीरज गुप्ता के द्वारा दिया गया।

## सर्वपितृमोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण कर पितरों को दी गई विदाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सर्वपितृमोक्ष अमावस्या पर शनिवार को गायत्री मंदिर सेक्टर-6, रिसाली, हुडको, रामनगर मुक्तिधाम सहित सभी गायत्री मंदिरों सामूहिक श्राद्ध तर्पण कराया गया। इसमें 1 हजार से अधिक महिला, पुरुषों ने अपने पितरों का तर्पण कर विदाई दी। वैदिक कर्मकांड से विधिपूर्वक जलांजलि अर्पित कर उनकी आत्मशांति और सद्गति के लिए यम देवता से प्रार्थना की। उपस्थित लोगों ने अपने पूर्वजों की याद में एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

सामूहिक श्राद्ध-पितृ तर्पण पर संस्थान के वासुदेव शर्मा, मोहन उमरे, अजित सोनबोइर, यामिनी सोनबोइर, अनिल चौधरी, एसपी सिंह, रामाधार महिलांग आदि ने सहयोग दिया। इधर ग्राम हनोदा के गायत्री ज्ञान मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा सामूहिक पितृ तर्पण कराया गया। कार्यक्रम प्रभारी रोशन पटेल, सीएल साहू, हेमलाल कुंभकार, राजकुमार साहू आदि ने सेवा दी। बीते 7 वर्षों से जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन वितरण कर रही जन समर्पण सेवा संस्था पितृपक्ष के 16 दिन विभिन्न परिवारों व संस्थाओं के माध्यम से सेवा की। संस्था ने अपने सहयोगियों, दान-दाताओं, सदस्यों के परिवार के पितरों के नाम से 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि में करीब 150 से ज्यादा जरूरतमंदों को भोजन कराया। इसमें पूड़ी, सब्जी, चावल, दाल, बड़ा, मिठाई आदि खिलाया। अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, आशीष मेश्राम, शिशु शुक्ला, राहुल शर्मा मौजूद थे।

## सेल-बीएसपी में 'इग्नाइट' रिवर्स मेंटरिंग एक्सीलेंस प्रोग्राम का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र (बीएमडीसी) द्वारा, विगत दिनों बीएमडीसी में, एक्सचेंज 'इग्नाइट - इंटरजेनरेशनल ग्रोथ, नेटवर्किंग एंड इनोवेशन थ्रू एक्सचेंज' नामक रिवर्स मेंटरिंग एक्सीलेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। इस दो दिवसीय रिवर्स मेंटरिंग प्रोग्राम का उद्देश्य, एक सफ्ल रिवर्स मेंटर बनने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना और मेंटी-मेंटर की अपेक्षाओं को पूरा करना था।



संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 22 मुख्य महाप्रबंधकों ने, इग्नाइट कार्यक्रम में मेंटीज़ के रूप में तथा श्व2 से श्व6 स्तर के विभिन्न कनिष्ठ अधिकारियों ने मेंटर्स के रूप में भाग लिया था। इन कनिष्ठ अधिकारियों ने, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मार्गदर्शक के तौर पर काम किया और उन्हें इस तेजी से बदलती दुनिया में नई तकनीकों को अपनाने में मदद की। यह एक्सीलेंस प्रोग्राम महाप्रबंधक प्रभारी अतनु मुखर्जी के मार्गदर्शन में हुआ। रिवर्स मेंटरिंग एक्सीलेंस प्रोग्राम, तीन चरणों में आयोजित किया गया था। जिसमें पांच व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से, प्रभावशाली मेंटी-मेंटर इंगेजमेंट को सक्रिय करने से संबंधित, कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई थी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक, सहायक महाप्रबंधक शैलेष कुमार तिलासी व प्रबंधक (एसपी-3) यू के अखिल ने, भाग लेने वाले अधिकारियों को एक्सपेक्टेशंस एक्सचेंज, फ्लिपिंग पर्सपेक्टिव्स, कॉनवर्स एंड कनेक्ट आदि विभिन्न विषयों पर, कौशल, ज्ञान और समझ का आदान-प्रदान करने के लिए, रिवर्स मेंटरशिप बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

भिलाई इस्पात संयंत्र में, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए इस डिजिटल दुनिया में बदलती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए कनिष्ठ अधिकारियों द्वारा, जोकि नई प्रौद्योगिकियों के प्रति अधिक ग्रहणशील हैं, के मार्गदर्शन के माध्यम से रिवर्स मेंटरिंग प्रक्रिया शुरू की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन संगठन में क्रॉस-फंक्शनल सहयोग और समझ को बढ़ावा देने और अपने अधिकारियों के बीच नेतृत्व कौशल को बढ़ाने के लिए, नियमित रूप से इसी तरह के प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

## जिला स्तरीय पीयर ग्रुप की बैठक सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जिला अधिकारियों के बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल द्वारा जिले के तीनों स्तरों हेतु जिला स्तरीय पीयर ग्रुप का निर्माण किया गया जिसकी बैठक 14 अक्टूबर को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में संपन्न हुआ।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जायसवाल द्वारा बताया गया कि यह ग्रुप स्वप्रेरित उत्कृष्ट शिक्षकों का ग्रुप है। मुख्य रूप से ग्रुप के माध्यम से उन स्कूलों के शैक्षिक गुणवत्ता का सुधार किया जाना है जिनके मासिक एवं त्रैमासिक परीक्षाओं का परिणाम 20 प्रतिशत से कम, 40 प्रतिशत से कम एवं 60 प्रतिशत से कम है। विभिन्न परीक्षाओं में निम्न स्तर प्रदर्शन वाले शालाओं के शिक्षकों का इस ग्रुप के माध्यम से उन्मुखीकरण किया जाएगा साथ ही ग्रुप के ही शिक्षक उन शालाओं में आदर्श अध्यापन कार्य करते हुए शाला के गुणवत्ता स्तर को अपग्रेड करेंगे। श्री जायसवाल ने प्रश्न बैंक की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार के प्रश्न जैसे की उपयुक्तता, विश्लेषण और सोचने की क्षमता को मापने के लिए शामिल किया जा सकते हैं, जिससे छात्रों के गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सकता है। प्रश्न बैंक के माध्यम से छात्रों के प्रदर्शन का निरीक्षण किया जा सकता है और उन्हें अनुकूल ग्रेडिंग किया जा सकता है। शिक्षक को छात्रों की तैयारी के लिए उपयोगी प्रश्नों का चयन कर उन्हें प्राधिकृत बनाने में मदद मिल सकती है। इसमें शामिल प्रश्नों के माध्यम से नैतिक मूल्यों को प्रमोट करने का अवसर प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा संस्थान और शिक्षक छात्रों के प्रदर्शनों का निरीक्षण करके सुधार किए जाने वाले क्षेत्र की पहचान किए जाने हेतु उन्होंने सभी ग्रुप के सदस्यों को प्रश्न बैंक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रुप के सदस्यों को मासिक टेस्ट त्रैमासिक परीक्षा तथा अर्धवार्षिक परीक्षा हेतु प्रश्न पत्रों के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इन प्रश्न पत्र के माध्यम से छात्रों के निरंतर मूल्यांकन का अवसर प्राप्त होगा जिससे उनके शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया जा सकता है। जब शिक्षक ग्रुप के माध्यम से प्रश्न पत्र तैयार करते हैं तो छात्रों के प्रदर्शन को निरीक्षण कर सकते हैं। कमजोर क्षेत्र की पहचान करके उन्हें सुधार सकते हैं इससे छात्रों को विषय के प्रति पूरी तरह से तैयार करने में मदद कर सकती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को निरंतर पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया जा सकता है, क्योंकि वह निरंतर नए प्रश्नों का समाधान करने के लिए प्रेरित होते हैं। प्रश्न पत्र छात्रों के बीच गुणवत्ता कि प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं जो उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधार सकता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा सिस्टम के पाठ्यक्रम डिजाइन और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने जैसे कई पहलुओं में सुधार किया जा सकता है। अंत में श्री जायसवाल द्वारा पाठ्य विषय वस्तु से संबंधित अच्छे वीडियो बनने पर जोर देते हुए कहा कि वीडियो बनाते समय वीडियो की क्वालिटी और ऑडियो की स्थिति का ध्यान रखें। वीडियो संपादन हेतु सॉफ्टवेयर का उपयोग करें टेक्स्ट, ग्राफिक्स को अच्छे साउंड ट्रैक का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें।

## सीए ब्रांच के सदस्यों ने अंगदान का संकल्प लिया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इंस्टीट्यूट का चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की भिलाई ब्रांच द्वारा अंगदान के महत्व, विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया।

इसमें बतौर वक्ता सेक्टर-9 अस्पताल के डॉ. उदय कुमार और डॉ. अनिरूद्ध मेने शामिल हुए। सिविक सेंटर के सीए भवन में उन्होंने सीए ब्रांच के सदस्यों को अंगदान का महत्व बताया, जिससे प्रेरित होकर करीब 25 सदस्यों ने मौके पर ही फार्म भी भरा। उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने स्किन डोनेशन फार्म भरकर अंगदान का संकल्प लिया। सीए ब्रांच की चेयरमैन पायल जैन, सचिव अंकेश सिन्हा समेत पदाधिकारियों ने दोनों चिकित्सकों का सम्मान किया।

# कलेक्टर के निर्देश पर निगम ने हटाया अस्पताल परिसर से अवैध अतिक्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

### आयुक्त ने उपस्थित रहकर अस्पताल परिसर से हटवाया अवैध अतिक्रमण

दुर्ग। सीमा क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल का विगत दिनों कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण के दौरान अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देश दिये गये।आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर स्वयं उपस्थित रहकर अस्पताल परिसर अंतर्गत मातृ शिशु भवन एवं जी एन एम नर्सिंग भवन के बीच के क्षेत्र की बाउंड्री वाल टूटी हुयी है।



जिसे पक्की दिवार बनाकर स्थाई रूप से बंद किया जाना है और परिसर के अंदर एवं बाउंड्रीवाल के आस पास के क्षेत्र विशेषकर दुर्गा मंदिर के आसपास के क्षेत्र के सभी अवैध कब्जे को हटाया गया।

इसके अलावा एम सी एच भवन के पीछे के क्षेत्र एवं शीला होटल के बीच की दिवार टूटी हुयी है जहाँ से रात मे असामाजिक तत्व आये दिन प्रवेश करते है उक्त दिवार को भी स्थाई रूप से बनाये जाने की बात कही एवं परिसर अंतर्गत समस्त स्क्रैप हटाया जाना है। साथ ही परिसर अंतर्गत नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम बनाये गये है जो चालू नही है. दोनो की मरम्मत की आवश्यकता है।अस्पताल की बाउंड्रीवाल के आसपास की अनावश्यक झाडिया हटाये जाने निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को लिखित में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा आवेदन प्रस्तुत की गई है।कार्रवाही के मौके पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान,बाजार अधिकारी जावेद अली,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,भवन निरीक्षक विनोद माझी,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव,ईश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे। जिला चिकित्सालय दुर्ग में अवैध कब्जा हटाने के संबंध में लिखित शिकायत कलेक्टर व निगम आयुक्त को पत्र देकर कहा गया है कि

जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित साई प्रसादालय जिनके संचालक द्वारा बहुत सारे स्थल का अतिक्रमण किया गया है उक्त स्थल पर मानसिक रोगियों के लिए वार्ड बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।निगम प्रशासन से अवैध कब्जा हटाने के लिए निवेदन किया गया है। उक्त स्थल पर मानसिक रोगीयों के लिए वार्ड प्रस्तावित है।

### असिस्टेंट ग्रेड-3 के 143 पदों के लिए आवेदन 31 तक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पदों पर भर्ती निकली है। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट high-court.cg.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कुल 143 पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। इसमें अनारक्षित के लिए 72 पद, एससी कैटेगरी के लिए 23, एसटी के लिए 28 और ओबीसी के लिए 20 पद हैं। हाईकोर्ट बिलासपुर से इसे लेकर गाइडलाइन भी जारी की गई है। इस बारे में अधिक जानकारी हाईकोर्ट की वेबसाइट से ली जा सकती है। शैक्षणिक योग्यता और अन्य नियम, शर्तें इसमें उल्लेखित की गई है। 31 अक्टूबर तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी। इसके बाद पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट सूची के आधार पर बुलाया जाएगा।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950